दैनिक हिन्दी अख़बार


# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 298 जयपुर, शनिवार, 07 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### पीएम मोदी 8 को फिर राजस्थान में! श्रीगंगानगर आएंगे



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को एक बार फिर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। भाजपा से जुड़े पदाधिकारियों ने इसके संकेत दिए हैं। इस दौरान वे श्रीगंगानगर में पहुंच प्रदेश को कई विकास कार्यों की सौगात देंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मोदी 5 अक्टूबर को जोधपुर और 2 अक्टूबर को चित्तौड़गढ़ आए थे। बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनावों से पहले मोदी राजस्थान के कई जिलों में दौरे करेंगे।

### पाकिस्तान ने नीदरलैंड को 81 रनों से हराया



**हैदराबाद।** पाकिस्तान का भारत में वर्ल्ड कप में जीत का बरसों का सपना शुक्रवार को यहां तब साकार हुआ, जब उसने नीदरलैंड को 81 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सका और 49 ओवर में 286 रनों पर पूरी टीम आउट हो गई। जवाब में नीदरलैंड की टीम 41 ओवर्स में महज 205 रनों ही बना पाई। बता दें, पाक ने इससे पहले भारत में 1996 और 2011 के दो मैच खेले थे, दोनों में उसे शिकस्त मिली थी।

### सफाईकर्मी भर्ती में 11,772 नए पदों का किया सृजन

**जयपुर।** राज्य सरकार ने सफाई कर्मचारियों की भर्ती में 11,772 पदों का सृजन किया है। इस संबंध में स्वायत शासन विभाग ने आदेश जारी करते हुए सफाई कर्मचारियों के नए पद सृजन और सीधी भर्ती की स्वीकृति दे दी है। इस भर्ती में जयपुर के ग्रेटर निगम में 7,145 और हेरिटेज निगम में 4,763 और सफाईकर्मी भर्ती किए जाएंगे। इस संबंध में डीएलबी निदेशक हृदयेश कुमार शर्मा ने बताया कि नए पद सृजन होने से अब सफाई कर्मचारियों भर्ती में कुल 24,956 पद पर भर्ती की जाएगी।

**नौ साल बाद पुरुष हॉकी में भारत ने जीता गोल्ड मेडल:** एशियाई खेलों में हॉकी का यह चौथा स्वर्ण पदक

# जापान को 5-1 से हराया... पेरिस ओलंपिक का टिकट कटाया

**एजेंसी** | हांगझोउ

भारतीय हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के पुरुष हॉकी फाइनल में जापान को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। भारत ने जापान को खिताबी मुकाबले में 5-1 से हराया। इससे पहले भारत ने 2014 में इंचियोन में पुरुष हॉकी में स्वर्ण पदक जीता था। भारत का एशियाई खेलों में ये चौथा स्वर्ण पदक है। शानदार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया ने चौथी बार सोने का तमगा जीतकर अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का टिकट भी कटाया है। भारतीय टीम




अब 1966, 1998, 2014 और 2023 में स्वर्ण पदक जीत चुकी है, जबकि नौ रजत और दो कांस्य भी जीते हैं।

### जापान ने 2018 में जीता था स्वर्ण पदक

#### हरमन ने किए सर्वाधिक दो गोल

टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (32वां और 59वां मिनट), अभिषेक (48वां मिनट), अमित रोहिदास (36वां) और मनप्रीत सिंह (25वां) ने गोल किए। जापान के लिए एकमात्र गोल एस तनाका ने 51वें मिनट में दागा। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत को 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन अमित रोहिदास की फ्लिक सीधे जापान के गोलकीपर के सामने गई। दूसरे क्वार्टर में भारतीयों ने लगातार हमले बोले, जिसका फायदा तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला, लेकिन इस बार भी रोहिदास निशाना चूक गए।

#### मनप्रीत ने खोला खाता

भारत का खाता 25वें मिनट में मनप्रीत ने खोला। ललित उपाध्याय सर्कल के भीतर गेंद लेकर गए और नीलाकांता शर्मा को सौंपी, जिन्होंने सर्कल पर खड़े मनप्रीत को गेंद थमाई और उन्होंने सटीक निशाना साधकर गेंद गोल के भीतर डाल दी। मैदानी अंपायर ने उछाल के कारण गोल अमान्य करार दिया लेकिन भारत ने वीडियो रेफरल लिया और फैसला भारतीय टीम के पक्ष में रहा। भारत ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे।

#### 95 मेडल्स... भारत चौथे नंबर पर बरकरार

एशियन गेम्स की पदक तालिका में 95 मेडल्स के साथ भारत चीन, जापान और कोरिया के बाद चौथे स्थान पर बरकरार है। चीन 182 स्वर्ण सहित 342 पदकों के साथ पहले, जापान 44 गोल्ड के साथ 159 मेडल्स के साथ दूसरे और 33 स्वर्ण सहित 162 पदकों के साथ दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर है।

**सीएम गहलोत के दो और मास्टर स्ट्रोक, ऐलान...**

# 53 जिलों का होगा प्रदेश होगी जातिगत जनगणना

## सीएम बोले... आचार संहिता लगने से पहले जारी होगी अधिसूचना

## पूरी तरह एक्सपोज हो जाएंगे भाजपा के लोग

**बेधड़क** | जयपुर

चुनावी आचार संहिता लगने से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर ऐलान करते हुए राज्य में 3 और नए जिलों की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को जयपुर में गोसेवा सम्मेलन में घोषणा करते हुए कहा कि मालपुरा, सुजानगढ़ और कुचामन सिटी को भी जिला बनाया जाएगा। इसके बाद राजस्थान में अब कुल 53 जिले हो जाएंगे। गहलोत ने कहा कि इसे लेकर जल्द ही अधिसूचना जारी होगी। बाद में सीएम गहलोत ने सोशल मीडिया की जरिए भी अपने इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि जनता की मांग एवं उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के अनुसार राजस्थान में तीन नए जिले और बनाए जाएंगे। उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के अनुसार सीमांकन आदि परेशानियों को दूर किया जाता रहेगा। आचार संहिता लगने से पहले गहलोत की इस घोषणा को चुनावी लिहाज से अहम माना जा रहा है। सरकार ने बीते दिनों 19 नए जिले और तीन नए संभाग बनाने का ऐलान किया था।




### डीडवाना से अलग हो कुचामन बनेगा जिला

गहलोत की इस घोषणा के बाद अब डीडवाना-कुचामन जिले को दो भागों में बांटा है, जहां डीडवाना और कुचामन पहले नागौर जिले में आते थे। वहीं, इन्हें मिलाकर जिला बनाया गया, अब कुचामन को अलग कर नया जिला बना दिया गया है। इसके अलावा चूरू जिले से सुजानगढ़ को और टोंक से मालपुरा को अलग कर नया जिला बनाया जाएगा।

### बिहार की तर्ज पर होगी राजस्थान में जातिगत जनगणना

कोर कमेटी की बैठक के बाद सीएम गहलोत ने मीडिया के सामने कहा कि राजस्थान में भी बिहार की तरह जातिगत जनगणना होगी। सीएम ने कहा कि इससे सभी जातियों के लोगों को आनुपातिक अधिकार मिल सकेगा। बता दें कि बीते दिनों बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने जातिगत जनगणना करवाई है। इसके आंकड़े भी हाल ही में जारी कर दिए गए हैं। बिहार के बाद अब देश के अलग-अलग राज्यों में भी जातिगत जनगणना की मांग की जा रही है। इस बीच गहलोत ने राज्य में जाति आधारित जगणना कराने की घोषणा कर सबको चौंका दिया है।

### पीएम पर साधा निशाना

गोसेवा सम्मेलन के बाद सीएम गहलोत ने पीएम मोदी और भाजपा पर फिर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम को तथ्यों को जानने के बाद ही राजस्थान आना चाहिए। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगा रहे हैं। पीएम से पूछना चाहते हैं कि उनकी पांच लाख की आयुष्मान स्वास्थ्य योजना पूरे देशवासियों के लिए क्यों लागू नहीं की। वहीं, सीएम ने जोधपुर में पीएम की सभा में किसान की झूठी तस्वीर लगाने के मामले में भाजपा को आड़े हाथों लिया। सीएम ने कहा- सुना है कुछ किसानों ने उनकी धज्जियां उड़ा दीं। कुछ किसानों ने कहा कि हमें बदनाम किया है। इसलिए पीएम और भाजपा के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराएंगे। कितने झूठे लोग हैं ये, झूठ बोलकर चुनाव में आगे बढ़ना चाहते हैं। जैसलमेर के किसान कि फोटो लगाकर भ्रम फैलाया है, पूरे एक्सपोज हो जाएंगे हैं ये लोग।

**एमपीसी ने 6.5 फीसदी पर पूर्ववत रखी रेपो दर**

# चुनाव के पहले महंगाई को नियंत्रित करने पर जोर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आरबीआई की एमपीसी की 4 अक्टूबर से शुरू हुई समीक्षा बैठक से साफ हुआ कि चुनाव से पहले केंद्रीय बैंक का पूरा जो महंगाई को कंट्रोल करने पर है। एमपीसी का फैसला शुक्रवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताते हुए कहा कि इस बार भी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया गया है। इसका मतलब है रेपो रेट यथावत 6.5 फीसदी पर बना रहेगा। दास ने कहा कि उच्च मुद्रास्फीति वृहद आर्थिक स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के लिए बड़ा जोखिम है। हमारा पूरा ध्यान टिकाऊ आधार पर मुद्रास्फीति को 4 फीसदी के लक्ष्य पर लाना है। उन्होंने कहा कि हमने पूर्व में रीपो दर में जो 2.5 फीसदी की कटौती की है, उसका पूरा असर अभी नहीं हुआ है।



### हो सकता है बॉन्ड बिक्री पर विचार

दास ने यह भी कहा कि महंगाई को काबू में लाने के लिए जरूरी होने पर आरबीआई बैंकों से अतिरिक्त नकदी निकालने को बॉन्ड बिक्री पर विचार कर सकता है। उन्होंने कहा, 'बॉन्ड बिक्री का समय और मात्रा उभरती नकदी स्थिति पर निर्भर करेगी।' उन्होंने कहा, 'इस समय जरूरत सतर्क रहने की है और आत्मसंतुष्टि की कोई गुंजाइश नहीं है।'

### मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.4 फीसदी पर रखा बरकरार

आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति में तेजी के बावजूद चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.4 फीसदी पर बरकरार रखा है। खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त महीने में सालाना आधार पर नरम होकर 6.83 फीसदी रही, जो जुलाई में 15 माह के उच्चस्तर 7.44 फीसदी पर पहुंच गई थी। महंगाई का यह आंकड़ा आरबीआई के मुद्रास्फीति के 4 फीसदी के लक्ष्य से अधिक है।

**राहुल को रावण बताने का मामला**

## जेपी नड्डा और अमित मालवीय के खिलाफ कोर्ट में इस्तगासा



**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर जयपुर के सेशन कोर्ट में इस्तगासा पेश किया गया है। इसमें एक पोस्टर के जरिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अपमान करने का आरोप लगाया गया है।

कांग्रेस नेता और वकील जसवंत गुर्जर ने जयपुर की कोर्ट में इस्तगासा पेश कर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। एफआईआर की यह मांग राहुल गांधी की एक विवादित तस्वीर को लेकर की गई है, जिसे भाजपा के एक्स हैंडल से शेयर किया गया था। इसमें राहुल गांधी को सात सिर वाला व्यक्ति दिखाया गया है और उनकी तुलना रावण से की गई है।

## आज 2000 के नोट पर RBI की डेडलाइन खत्म



**एजेंसी** | नई दिल्ली

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपए के 87 प्रतिशत नोट बैंकों में जमा के रूप में वापस आए हैं। शेष को अन्य मूल्य के नोटों से बदला गया है। द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा के बाद संवाददाता सम्मेलन में दास ने कहा कि 19 मई, 2023 तक प्रचलन में मौजूद 2,000 रुपए के 3.56 लाख करोड़ रुपए के नोट में से 12,000 करोड़ रुपए अब भी वापस नहीं आए हैं।

**उपराष्ट्रपति का पलटवार**

# सत्ता वालों से उम्मीद नहीं कि संवैधानिक पदों को हल्के में लेंगे: धनखड़

- बेवजह संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति को राजनीति में न घसीटा जाए
- मन दुखी होता है कि किन-किन शब्दों का उपयोग हुआ, उबरना बड़ा मुश्किल
- मोदी यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को किया संबोधित

**बेधड़क** | जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को एक बार फिर प्रदेश के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने उनके राजस्थान के दौरों पर सवाल उठाने को लेकर पलटवार किया। लक्ष्मणगढ़ में मोदी यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहां आया हूं। ठीक काम कर रहा हूं। पहले भी कई जगह गया, पर कुछ लोगों ने कहा कि आप क्यों बार-बार आते हो। थोड़ा अचंभित हो गया, क्योंकि कहने वाले ने न तो संविधान को पढ़ा, ना कानून को पढ़ा, ना



ही अपने पद की मर्यादा रखी। धनखड़ ने कहा कि मेरे आने पर सवाल उठाने वाले यदि अगर थोड़ा सोच लेते, कानून में झांक लेते तो उनको पता चल जाता कि भारत के उपराष्ट्रपति की कोई भी यात्रा अचानक नहीं होती हैं। बड़ी सोच-विचार मंथन चिंतन के बाद होती है, पर कह दिया कि आपका आना ठीक नहीं है। रास्ते में मैंने भी एक छोटी सी कविता लिखी, सोचा कि सबसे पहले आपसे साझा करूं। इस कविता को लिखने से पहले मुझे एक गजल याद आ गई-

**जिंदगी से बड़ी सजा ही नहीं,**
**और जुर्म क्या है पता ही नहीं।**

### मेरा काम तो संविधान से संबंधित, फिर मुझे क्यों घसीटा...

धनखड़ ने कहा कि इसी गजल की तर्ज पर, दुखी होकर कि मुझे इस मामले में क्यों घसीटा, मेरा काम तो संविधान संबंधित था। जनता के भले के लिए था, कृषक पुत्र होने के नाते, जैसे मेरी उन्नति हुई है तो मैं हर संस्था में भी गया और बाकी मेरी यात्रा विधानसभा के अध्यक्ष के निमंत्रण पर हुई, केंद्र सरकार के कार्यक्रमों में हुई।

राज्य सरकार ने कोई कार्यक्रम नहीं बनाया, ना बुलाया, मुझे तो कोई परेशानी नहीं है, उनका विवेक है, वे जानें।

मैंने जो कविता बनाई वह इस प्रकार है ...

**खता क्या की हमने, पता ही नहीं!**
**आपत्ति क्यूं है उन्हें हमारे घर आने की,**
**पता ही नहीं!**
**ये कैसा मंजर है समझ से परे है,**
**सवालिया निशान क्यों है अपने घर आने में, क्या जुल्म है? पता ही नहीं!**

### यह देश हमारा है, हम सभी देश के सेवक हैं...

इस मंच से मैं यह घोषणा करना चाहूंगा कि मैं सत्ता में बैठे लोगों से यह उम्मीद नहीं करता कि वे संवैधानिक पदों को हल्के में लेंगे। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं हैं। संवैधानिक पदों का सम्मान होना चाहिए। मन दुखी होता है कि किन-किन शब्दों का उपयोग कर लिया, उबरना बड़ा मुश्किल है। मैं सभी से अपील करता हूं कि यह हमारा देश है, हम सभी इस देश के सेवक हैं, चाहे हमारी स्थिति कुछ भी हो, राष्ट्रपति से लेकर मुख्यमंत्री तक। उपराष्ट्रपति सुबह सपत्नीक सीकर पहुंचे और सांगलिया धूणी में दर्शन कर ओमदास महाराज से मुलाकात की।

## जरूरी खबर

### सुजानगढ़ को जिला बनाने पर जताया आभार



**जयपुर।** सुजानगढ़ जिला बनाने पर सुजानगढ़ से आए प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि सुजानगढ़ जिले की लम्बे समय से मांग की जा रही थी। जनभावना का सम्मान करते हुए राज्य सरकार द्वारा यह फैसला लिया गया है। इस अवसर पर सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, नीलोफर गौरी, भंवरलाल पुजारी, विद्याधर बेनीवाल, प्रदीप लोदी और जेठाराम यादव सहित बड़ी संख्या में प्रतिनिधिमंडल सदस्य मौजूद रहे।

### सिक्किम में आई बाढ़ में प्रदेश के दो जवान शहीद

**जयपुर।** सिक्किम के बरदांग में आई बाढ़ में बह जाने से ड्यूटी कर रहे प्रदेश के दो जवान शहीद हो गए हैं। सैनिक कल्याण विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार गंगापुरसिटी जिले के गांव रलावता निवासी सिपाही शिवकेश गुर्जर और सीकर जिले की के गांव माजीपुर निवासी हवालदार सज्जन सिंह खिचड बाढ़ में बह जाने के कारण शहीद हो गए हैं। बैटल कैजुअल्टी में शहीद हुए दोनों जवानों का दाह संस्कार पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव में 7 या 8 अक्टूबर को किया जाएगा।

### AI आधारित चेस्ट एक्स-रे एप्लीकेशन का शुभारंभ



**जयपुर।** सिलिकोसिस पहचान और सिलिकोसिस प्रमाणीकरण प्रक्रिया को अधिक सुगम, सरल एवं तकनीकी आधारित बना दिया गया है। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई टूल्स एप्लीकेशन को बनाया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि राज सिलिकोसिस पोर्टल पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ऐप्लीकेशन विकसित की गई है, जिसे नवीन सिलिकोसिस पोर्टल पर सिलिकोसिस प्रमाणीकरण प्रक्रिया में रेडियोलॉजिस्ट स्तर/ एमओ स्तर और जिला न्यूमोकोनियोसिस बोर्ड के स्तर पर उपयोग करने के लिए क्रियाशील कर दिया है।

## इलेक्शन मोड पर कांग्रेस: ईआरसीपी को बनाएगी मुद्दा, 13 जिलों में पानी के लिए निकालेगी यात्रा

# छह सभाएं करेगी कांग्रेस, राहुल, प्रियंका, खरगे होंगे शामिल

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से इलेक्शन मोड में आ गई है। कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक शुक्रवार को जयपुर में हुई। यह बैठक करीब साढ़े चार घंटे तक चली। जिसमें चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा की गई और टिकट की सूची के संभावित नामों को लेकर भी मंथन हुआ।

इस बैठक में सीएम अशोक गहलोत के साथ-साथ पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन प्रकाश, हरीश चौधरी, कैबिनेट मंत्री गोविंद मेघवाल, मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय सहित अन्य नेता भी वॉर रूम में पहुंचे और अपना पक्ष रखा। बैठक के बाद जानकारी देते हुए पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस 6 सभाएं करेगी। इन सभाओं में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेता शामिल होंगे। जो अलग- अलग विधानसभा क्षेत्रों में जाकर बैठकें करेंगे। डोटासरा ने कहा कि इन सभाओं के लिए शनिवार को ही प्रस्ताव बनाकर शीर्ष नेताओं को निमंत्रण भेज दिया जाएगा और पीसीसी के बुलावे पर यह नेता प्रदेश में आएंगे।

वहीं कमेटी की बैठक में निर्णय हुआ कि कांग्रेस ईआरसीपी को इस चुनाव में मुद्दा बनाएगी। इसके लिए प्रदेशभर में पार्टी की ओर से पदयात्रा निकाली जाएगी। हालांकि यह की तारीख का ऐलान नहीं किया गया हैं। डोटासरा ने कहा कि 13 जिलों के नेताओं को बुलाकर चर्चा की जाएगी, जिन जिलों के लोग ईआरसीपी की मांग कर रहे हैं। उनसे चर्चा के बाद केंद्र से पानी की मांग पूरी करने के लिए पार्टी यात्रा निकालेगी।



### काम किया दिल से, कांग्रेस फिर से

कांग्रेस अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर चुनावी मैदान में उतरेगी। कोर कमेटी बैठक में चर्चा हुई कि पार्टी का कार्यकर्ता बूथ स्तर तक घर-घर योजनाओं को पहुंचाएंगे। हमने चुनावों क लिए काम किया दिल से कांग्रेस फिर से का नारा दिया है। वहीं डोटासरा ने ईआरसीपी को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह को घेरा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री कह रहे है कि भाजपा की सरकार बना दो ईआरसीपी के पैसा दें देंगें। यह भाजपा वाले सत्ता के लालची भेडिए हैं। यह सत्ता के लिए काम करते हैं।

### उपराष्ट्रपति को इलेक्शन में नहीं जाना चाहिए

डोटासरा ने कहा कि उपराष्ट्रपति धनखड़ वकील आदमी जो वकालत छोड़ने के लिए इतने बड़े संवैधानिक पद पर जाने के बाद ऐसे गोलमाल जवाब देता हैं। हमारे प्रदेश का होने का कारण हमारा सीना फूलता था लेकिन चुनावी समय में संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को ऐसे नहीं आना चाहिए। कम से कम दो माह तो छोड़ दें।

## सरकार के विजन-2030 पर भाजपा का पलटवार

# अंतिम महीनों में कांग्रेस को कैसे आई विजन की याद: शेखावत

### हर घर नल योजना में 10 करोड़ महिलाओं के सिर से मटके का उतरा बोझ

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विजन 2030 पर पलटवार करते हुए जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिहं शेखावत ने कहा कि पूरे पांच साल बीत जाने के बाद आखिरी तीन महिनों में ही उन्हें यह विजन अचानक कैसे याद आया? शेखावत ने कहा प्रदेशकी 7 करोड़ की जनसंख्या विजन 2030 पर सवाल खड़े कर रहीहै। यदि उन्हें जनता की इतनी ही चिंता थी तो 2018 में सरकार बनने के साथ ही विजन बनाकर काम क्यों नहीं किया? उन्होंने कहा कि विजन 2030 कांग्रेस का मेनिफेस्टो है या सरकार का विजन है या गहलोत जी का व्यक्तिगत घोषणा पत्र है। अपनी नाकामी के बावजूद अपनी पीठ खुद ही थपथपा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांगेस का राजस्थान को जीडीपी के नाम पर टॉप स्टेट बताने का झूठ साफ पकड़ में आता हैं क्योंकि राजस्थान टॉप दस में भी शामिल नहीं है। झूठे आंकड़े देकर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास है, जिसका कोई रोडमैप इनके पास नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने उन्हे 15 साल तक मुख्यमंत्री के नाते काम करने का अवसर दिया। तीन बार मुख्यमंत्री बनाया, 46 साल की उम्र से 71 साल की उम्र तक उन्हें कभी किसी विजन की याद क्यों नहीं आई? खुद के गृह जिले में सीएम आज तक पेयजल की सुचारू व्यवस्था नहीं करा पाए। प्रदेश की जनता तो उनसे उम्मीद भी क्या रखेगी? यह बात शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्तामें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत ने कही।




### चुनावी पुलिंदा है विजन 2030

शेखावत ने कहा, चुनाव के समय ऐसे विजन डॉक्यूमेंट जारी करने से उनकी मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। चुनाव पूर्व किए गए उनके वादे झूठ का पुलिंदा साबित हुए। उनकी घोषणाएं धरातल पर नहीं उतरी। घोषणाएं पूरी नहीं होने पर ही जनता ने उन्हें पिछले चुनावों में कुर्सी से नीचे उतारा था। इस चुनाव में भी जनता ने तय कर लिया है, अब जनता उनके झांसे में नहीं आएगी। शेखावत ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट में जल, शिक्षा, चिकित्सा आदि को लेकर राजस्थान को मॉडल स्टेट बनाने का दावा किया है, लेकिन हकीकत यह है कि राजस्थान में किसी भी क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ।

### पेपर लीक में शामिल रही सरकार

शेखावत ने कहा कि प्रदेश में 19 बार पेपर लीक हुए। जिसमें सरकार खुद शामिल पाई गई। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार वादानुसार शिक्षित बेरोजगारों को 3500-4500 रुपए बेराजगारी भत्ता देने में विफल रही। सरकार ने फरवरी 2023 के बजट सत्र में 1,42000 पदों पर ही भर्ती करने की बात की, लेकिन कितनों को नियुक्ति दी इसका कोई आंकड़ा नही बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न विभागों में लगभग 8.5 लाख संविदा कर्मचारियों को नियमित करने में भी सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है।आयुष्मान भारत योजना का नाम बदलकर चिरंजीवी योजना कर दिया। ईआरसीपी के नाम पर सरकार केवल राजनीति कर रही है।

### कांग्रेस सरकार में शिक्षा के हाल- बेहाल

शेखावत ने कहा कि विजन 2030 में राजस्थान को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, एग्रीकल्चर, औद्योगिक प्रगति, प्रशासनिक सुधार, ग्रामीण विकास में मॉडल स्टेट बनाने का दावा कर रहे हैं। वास्तविकता यह है कि शिक्षा विभाग में स्कूलों की बिल्डिंग के हालात खराब हैं। 30 प्रतिशत स्कूलों में कंप्यूटर नहीं और नए कॉलेज किराए के भवनों में चल रहे हैं। जिनमें 90 प्रतिशत कॉलेजों में प्रिंसिपल की नियुक्ति नहीं की गई। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में 10 हजार पद खाली है। टीचर्स की डीपीसी नहीं हुई और सेटअप परिवर्तन, स्टाफिंग पैटर्न तय नहीं हुआ।

## डॉक्टर्स फिर आंदोलन की राह पर

# मारपीट के बाद निजी चिकित्सकों का बंद

**बेधड़क** | जयपुर

फोर्टिस अस्पताल में चिकित्सक से कथित मारपीट के मामले में निजी चिकित्सकों की संस्था उपचार ने शनिवार को शहर के सभी निजी अस्पतालों में अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान किया है। इस बंद में इमरजेंसी समेत सभी सेवाएं सुबह 8 बजे से बंद रहेंगी।

चिकित्सकों की मांग है कि हॉस्पिटल के वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. मोहन कुलहरी के साथ मरीज के परिजनों की ओर से की गई कथित मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। वहीं इस संबंध में मरीज के परिजनों ने बताया कि उनका मरीज करीब डेढ़ माह पहले फोर्टिस अस्पताल में ईएनटी के इलाज के लिए भर्ती हुआ था लेकिन चिकित्सक ने लापरवाही बरतते हुए उसका ऑपरेशन कर दिया, जिससे उसकी हालत और ज्यादा खराब हो गई। बच्चे को तुरंत एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है।

## ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की करेंगे अनुशंसा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ अर्चना शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की तृतीय साधारण सभा का आयोजन अध्यक्ष कक्ष में किया गया। बैठक में राज्य बोर्ड की ओर से बोर्ड के संचालन के लिए प्रस्तावित नियम, बोर्ड कार्मिकों के पेंशन स्कीम/ इपीएफ स्कीम लागू करने, परिवार परामर्श केंद्र कार्यक्रम संचालन स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से करने के संबंध में आदि प्रस्ताव प्रशासनिक विभाग के माध्यम से स्वीकृति के लिए भिजवाए जाने का निर्णय लिया गया। डॉ. शर्मा ने कहा कि बोर्ड का गठन राज्य में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से किया गया है।

## सोजत और केकड़ी में निकाली तिरंगा यात्रा

# आम आदमी पार्टी के काम से बीजेपी में घबराहट: पालीवाल

**बेधड़क** | जयपुर

दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) ने जो विकास कार्य किए हैं, उससे बीजेपी की नींद उड़ चुकी है और इसीलिए अब बीजेपी शासित केंद्र सरकार तरह- तरह के हथकंडे अपनाकर पार्टी को कमजोर करने में जुटी है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा कि जबसे नरेंद्र मोदी सरकार में आए हैं, तब से देश के अलग-अलग राज्यों में विपक्षी दलों की सरकार गिराना या फिर उनको कमजोर करना ही उनका ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है।

वे इसी ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत जनता की एक मजबूत आवाज बन चुकी आप को कमजोर करने में जुटे हैं। संजय सिंह जैसा व्यक्ति आज जनता की आवाज है और इस आवाज को दबाने वाले दल को जनता आगामी चुनाव में जवाब जरूर देगी। पालीवाल और प्रदेश महासचिव विश्वेंद्र सिंह अरविंद केजरीवाल की गारंटियों को लेकर पाली जिले की सोजत और अजमेर की केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इधर विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि आप पार्टी की जगह लोगों के दिलों में है और उनके दिलों से निकालने का माद्दा बीजेपी में नहीं है।



## राहुल को रावण बताने के विरोध में किया प्रदर्शन

# PCC से निकली कांग्रेस की आक्रोश रैली

### नफरत और हिंसा का माहौल बना रही भाजपा

**बेधड़क** | जयपुर

राहुल गांधी को नए युग के रावण बताए जाने पर कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ आक्रोश जताया। जयपुर में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ने शुक्रवार को भाजपा की ओर से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को रावण के रूप में प्रस्तुत करने पर विरोध-प्रदर्शन किया।

सुबह 10 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश मुख्यालय पर एकत्रित हुए और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। कमेटी के महासचिव और प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से जुलूस निकाला और भाजपा के विरूद्ध प्रदर्शन किया। इस दौरान डोटासरा की ओर से कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। जिसमें डोटासरा ने कहा कि केंद्र में भाजपा के शासन से समाज का हर वर्ग स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार की ओर से समाज में नफरत का जहर घोलने के विरूद्ध और समाज में भाईचारा कायम करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा के रूप में बड़ा अभियान प्रारंभ किया, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेता भयभीत हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने षडयंत्र पूर्वक कांग्रेस नेता राहुल गांधी को रावण के रूप में पेश किया है। सोशल मीडिया पर भाजपा की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरूद्ध नफरत और हिंसा का माहौल कायम करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।



## कृषकों के हित में लिए विभिन्न फैसले

# गहलोत सरकार ने किया राज्य कृषक ऋण राहत योजना आयोग का गठन

### आयोग बैंक और किसानों के बीच विवाद को सुलझाने में करेगा मदद

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को प्रदेशवासियों के लिए कई योजनाओं को स्वीकृति दी है। जिनमें किसान वर्ग को बड़ी राहत देते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय भी किए हैं।

इसी क्रम में राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य कृषक ऋण राहत योजना आयोग का गठन किया है। उन्होंने कहा कि 21 लाख से अधिक किसानों का लगभग 15 हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया गया है। सरकार ने प्राकृतिक और अन्य आपदाओं से हुए नुकसान के कारण समय पर ऋण न चुकाने वाले किसानों को राहत देने के लिए राजस्थान राज्य कृषक ऋण राहत आयोग विधेयक-2023 पारित कराया था।

सरकार ने सेवानिवृत न्यायाधिपति प्रकाशचंद गुप्ता को आयोग का अध्यक्ष मनोनित किया है। इसके अलावा सेवानिवृत आईएएस पी.के. गोयल, महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एस.एन. राठौड़, हरिकुमार गोदारा और सुनील गहलोत को आयोग का सदस्य बनाया है। यह आयोग बैंक और किसानों के बीच ऋण संबंधी विवादों को समझाइश और बातचीत के माध्यम से निपटाएगा। वहीं गहलोत ने एनएमईओ (ऑयल सीड) स्कीम में लघु और सीमान्त श्रेणी के कृषकों को सिंचाई पाइप लाइन के लिए मुख्यमंत्री ने 1.98 करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं।

वहीं राजीविका स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को कृषि और गैर-कृषि गतिविधियों के लिए बिना ब्याज दुपहिया वाहन ऋण उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की है। राज्य के 352 ब्लॉक के लिए प्रति ब्लॉक 3 दुपहिया वाहन ऋण के अनुसार कुल 1056 दुपहिया ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे।



### कृषि विपणन विभाग में 121 पद सृजित

मुख्यमंत्री ने राज्य कृषि विपणन विभाग में 89 और राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड में 32 नवीन पदों की मंजूरी दी है। कृषि विपणन विभाग में पदों में संयुक्त निदेशक और उप निदेशक के 10-10, सहायक निदेशक के 9, विपणन अधिकारी के 24 तथा कनिष्ठ विपणन अधिकारी के 36 पद शामिल हैं। वहीं बोर्ड में संयुक्त निदेशक, विपणन अधिकारी, कनिष्ठ विपणन अधिकारी के 8-8 और उप निदेशक एवं सहायक निदेशक के 4-4 पद शामिल हैं।

### 48 नए जीएसएस का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने अजमेर, जोधपुर और जयपुर डिस्कॉम के तहत 48 नए 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) के निर्माण की स्वीकृति दी है। इस संबंध में अजमेर डिस्कॉम में 17, जयपुर डिस्कॉम में 7 और जोधपुर डिस्कॉम में 24 नए ग्रिड सब स्टेशन बनेंगे। एक अन्य स्वीकृति में राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में माईनिंग ट्रेड व इलेक्ट्रिक व्यवसाय खोले जाएंगे। इस संबंध में आई.टी.आई. भीलवाड़ा, जालौर, सिरोही, किशनगढ़-अजमेर और राजसमंद में माईनिंग ट्रेड खोलने के लिए कार्यशाला कक्ष और सैद्धान्तिक कक्ष का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार महिला आई.टी.आई. अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, उदयपुर, टोंक और आरआई केन्द्र जयपुर और बेसिक ट्रेनिंग सेंटर कोटा में इलेक्ट्रिक व्यवसाय के लिए कार्यशाला और सैद्धान्तिक कक्ष का निर्माण किया जाएगा।

### 500 पर्यटक मित्रों की होगी नियुक्ति

सीएम की स्वीकृति के बाद सरकार 500 पर्यटक मित्रों की नियुक्ति करने जा रही है। ये पर्यटक मित्र राज्य में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों की पर्यटन स्थलों के संबंध में वांछित सहायता, कानून व्यवस्था, सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं के लिए उचित मार्गदर्शन करेंगे। इनकी नियुक्ति राजस्थान एक्स सर्विसमेन कॉर्पोरेशन लि. के माध्यम से होगी। प्रत्येक पर्यटक मित्र को 15,200 रुपए मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा। इससे राज्य सरकार पर लगभग 13 करोड़ रुपए से अधिक का वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

## जरूरी खबर

### प्रसार भारती कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**जयपुर।** प्रसार भारती कर्मचारियों ने विभागीय 'कट ऑफ डेट' 5 अक्टूबर 2007 के आधार पर विभाग द्वारा कर्मचारियों में किए जा रहे भेदभाव को दूर करने के लिए देशव्यापी प्रदर्शन के तहत दूरदर्शन केंद्र जयपुर के मुख्यद्वार पर प्रदर्शन किया। इसमें आकाशवाणी और दूरदर्शन जयपुर के कार्यक्रम और इंजीनियरिंग अनुभागों के सभी प्रसार भारती कर्मचारी शामिल हुए।

### जगतपुरा और धानक्या में भी ट्रेनों का ठहराव आज से



**जयपुर।** यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने और भीड़ कम करने के लिए राजधानी में तीन ट्रेनों का स्टॉपेज जगतपुरा, धानक्या स्टेशन पर किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे से जारी शेड्यूल के अनुसार गाड़ी संख्या 19666/19665 उदयपुर-खजुराहो-उदयपुर ट्रेन शनिवार से रोजाना गैटोर जगतपुरा स्टेशन पर स्टॉपेज देगी। गौरतलब है कि इन ट्रेनों का वर्तमान में स्टॉपेज गांधी नगर और जयपुर जंक्शन पर था। इन ट्रेनों में बड़ी संख्या में यात्री भरतपुर और दौसा जिले से अपडाउन करते हैं। रेलवे के इस निर्णय से जगतपुरा, प्रतापनगर के अलावा सिरसी रोड, कालवाड़ रोड, बिंदायिका क्षेत्र के लोगों को भी फायदा होगा। उन्हें इन ट्रेनों में सफर के लिए जयपुर जंक्शन नहीं जाना पड़ेगा। गाड़ी संख्या 19735, जयपुर- मारवाड़ पैसेंजर ट्रेन भी शनिवार से धानक्या स्टेशन पर स्टॉपेज देगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस गाड़ी भी धानक्या स्टेशन पर स्टॉपेज देगी।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।

**चौकड़ी तोपखाना स्थित प्राचीन शिव मंदिर में मूर्ति से छेड़छाड़ करने से आक्रोश**

# 'नेताओं' के बिसराए 100 मंदिरों की सुध लेगा संत समाज

बेधड़क | जयपुर

संत समाज राजधानी में स्थित ऐसे 100 मंदिरों की सुध लेगा, जिन्हें स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भूला दिया है या फिर ऐसे मंदिर जो जर्जर अवस्था में हैं। इस तरह के मंदिरों के विकास के लिए संत समाज मैदान में उतर गया है और इसकी शुरुआत भी कर दी हैं।

अखिल भारतीय संत समिति राजस्थान प्रमुख स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने इसको लेकर ऐलान किया कि जयपुर में ऐसे 100 मंदिर उन्होंने चिह्नित कर लिए है जो अभी जर्जर अवस्था में हैं। ये ऐसे मंदिर हैं जो कई साल पुराने हैं और इन्हें प्रशासन की अनदेखी या किसी समाज विशेष का बाहुल्य होने के कारण भुला दिया गया है।

बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि अब इन मंदिरों में फिर से पूजा अर्चना शुरू होगी और इनका विकास किया जाएगा। बालमुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि इस काम के लिए किसी तरह से जनप्रतिनिधि का सहयोग नहीं लिया जाएगा, क्योंकि उन्होंने इससे पहले इन मंदिरों की सुध नहीं ली तो अब चुनावों के समय में वह यह काम करें और जनता में वाहवाही लूटे इसकी कोई जरूरत नहीं है।



### बालमुकुंदाचार्य महाराज ने करवाई FIR

चौकड़ी तोपखाना स्थित 300 वर्ष पुराने मालियों के प्राचीन शिव मंदिर में शिव परिवार, बालाजी महाराज की मूर्ति खंडित करने एवं अष्टधातु निर्मित भगवान श्री राम दरबार की मूर्ति असामाजिक तत्वों द्वारा गायब करने को लेकर संत समाज ने अपनी बात रखी। शुक्रवार को अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम ने बताया कि लगभग 300 वर्ष पुराने इस मंदिर में असामाजिक तत्वों ने प्राचीन हनुमान जी की मूर्ति से छेड़छाड़ की और राम दरबार की मूर्ति चुरा कर ले गए। मंदिर परिसर में जगह-जगह शराब और मीट के टुकड़े पड़े हुए हैं, जिससे हमारी सनातन हिंदू धर्म भावना को गहरा आघात लगा है। महाराज ने कहा कि हमने अब यह तय कर लिया है ऐसे सभी मंदिरों की देखभाल के लिए एक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग है कि इस पर तुरंत कार्रवाई कर असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया जाए अन्यथा संत समाज इसके विरोध में आंदोलन करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। चौकड़ी तोपखाना स्थित 300 वर्ष इस मंदिर में शुक्रवार को संत समाज के लिए एकत्रित हुए। इससे पहले रामगंज थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई।

**गो सेवा सम्मेलन में मुख्यमंत्री गहलोत ने की घोषणा**

# गोशालाओं में रखे जाएंगे नंदी अब सालभर मिलेगा अनुदान

**गोवंश संरक्षण के लिए गोपालन विभाग बनाया और राजस्थान गोसेवा आयोग का किया पुनर्गठन**

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए गोपालन विभाग बनाया और राजस्थान गोसेवा आयोग का पुनर्गठन किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं की स्थापना, सहायता और विकास में हर सम्भव सहयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री गहलोत शुक्रवार को जयपुर के मानसरोवर में गो सेवा समिति द्वारा आयोजित गो सेवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गौपूजन किया।

मुख्यमंत्री ने गौशालाओं में नंदीओं को रखे जाने और उन्हें 12 माह का अनुदान देने की घोषणा भी की। समारोह में श्रीगोधाम पथमेड़ा के दत्तशरणानंद महाराज, मंत्री लालचंद कटारिया, गौपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया, बीसूका समिति अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, गोसेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश गिरी, महासचिव रघुनाथ सिंह राजपुरोहित, साधु संत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### नंदीशालाओं को 12 माह दिया जा रहा अनुदान

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत समिति में 1.57 करोड़ रुपए की लागत की पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला खोलने के लिए 651.70 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नंदीशालाएं खुलने से सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित/आवारा गोवंश की समस्या का समाधान हो सकेगा। नंदीशालाओं में देय अनुदान को 9 माह से बढ़ाकर 12 माह कर दिया है, साथ ही गौशालाओं में आधारभूत सरंचना के लिए 221 गौशालाओं को 16.86 करोड़ रुपए स्वीकृत कर आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

### 3200 गोशालाओं में 13 लाख से अधिक गौ माता की हो रही सेवा

गहलोत ने कहा कि वर्ष 2008 से पहले प्रदेश में 1100 गोशालाओं में तीन लाख गौ माता की सेवा होती थी। वर्तमान में 3200 गौशालाओं में 13 लाख से अधिक गौ माता की सेवा हो रही है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना में पशुपालकों को अब तक 1265 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जा चुका है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों को प्रति लीटर 5 रुपए अनुदान मिलता है। हमने पशुपालकों के दुधारू पशुओं का निःशुल्क बीमा करने का फैसला किया। पशु की मृत्यु होने पर पशुपालक को 40,000 रुपए तक मुआवजा राशि मिल सकेगी। महंगाई राहत शिविरों में लगभग 1.10 करोड़ पशुपालकों ने अपना पंजीकरण कराया।

### सरकार ने गोशालाओं में दीं ये सुविधाएं

- गौशालाओं को भरण-पोषण के लिए पात्रता में एक वर्ष का पंजीयन
- न्यूनतम 200 गोवंश के स्थान पर 100 गोवंश
- सहायता राशि के लिए कांटा पर्ची और प्रतिमाह भौतिक सर्वेक्षण की बाध्यता समाप्त
- पंजीकृत गौशालाओं में निर्धारित घरेलू दर के ऊर्जा प्रभार का 50 प्रतिशत अनुदान
- भरण-पोषण के लिए सहायता राशि 6 माह से बढ़ाकर 9 माह
- गौवंश पालन के लिए लगभग 3 हजार करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता
- अपाहिज और अंधे गौवंश के लिए वर्षभर भरण-पोषण अनुदान
- 1789 ग्राम पंचायतों में नए पशु चिकित्सा उपकेन्द्र
- जोबनेर (जयपुर) में पशुपालन विश्वविद्यालय की स्थापना
- राज्य में 9 नए राजकीय पशु चिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की स्थापना जल्द
- लम्पी रोग से ग्रसित पशुपालकों को 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**हेरिटेज निगम में समीक्षा बैठक**

## सफाई कर्मचारी को सीवर में उतारा तो अधिकारी के खिलाफ होगा केस दर्ज



बेधड़क | जयपुर

प्रत्येक जोन और वार्डों में लगे सफाई कर्मचारियों का तीन महीने में हेल्थ चैकअप होना चाहिए। इसके अलावा सफाई कर्मचारी के बिना किसी संसाधन के सीवर में सफाई करते पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। यह निर्देश हेरिटेज नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष दीपक डंडोरिया ने सफाई कर्मचारियों की समस्या के लिए हुई समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में निगम आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत, अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षक मौजूद रहे।

बैठक में हेरिटेज निगम के मुख्य सफाई निरीक्षकों ने डंडोरिया को बताया कि वार्ड में सफाई कर्मचारियों के पास काम करने के लिए हाथगाड़ी और हूपर व अन्य संसाधनों की कमी के कारण सफाई व्यवस्था नहीं हो पाती है। निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों का भुगतान नहीं हो रहा है। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों ने बताया कि निगम में मृतक आश्रितों की फाइलों का निस्तारण नहीं हो रहा है, इससे मृतक आश्रितों को सालों तक नियुक्ति नहीं मिल पाती है।

इसके अलावा साल 2018 भर्ती वाले सफाई कर्मचारी सफाई कार्य की जगह कार्यालयों में जमे हुए हैं। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष दीपक डन्डोरिया ने हेरिटेज आयुक्त शेखावत को सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का शीघ्र ही समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो मृतक आश्रित अपनी फाइलों में गलत तथ्यों और गलत दस्तावेजों के आधार पर नियुक्त हुए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर हेरिटेज आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त सर्तकता एसके मेहरानिया, उपायुक्त सरोज ढाका, एक्सईएन प्रोजेक्ट आशीष गर्ग, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षक मौजूद रहे।

**शिक्षा मंत्री कल्ला का जताया आभार**

## नियमों में संशोधन से पदोन्नति में राहत

बेधड़क | जयपुर

कैबिनेट द्वारा राजस्थान (राज्य एवं अधीनस्थ) शिक्षा सेवा नियम- 2021 में संशोधन करने पर शिक्षक संगठन ने शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला का आभार जताया। पदोन्नति संघर्ष समिति के मुकेश मीणा ने बताया कि नियम संशोधन में यूजी एवं पीजी असमान विषय वालों को पदोन्नति में राहत प्रदान की है।

गौरतलब है कि शिक्षा विभाग में नए शैक्षिक सेवा नियम 2021 के कारण तीन वर्षों से हजारों शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हो पा रही थी। सेवा नियम संशोधन के साथ उप प्राचार्य से प्रधानाचार्य पदोन्नति के लिए अनुभव में छूट, एग्रीकल्चर विषय में सीधी भर्ती योग्यता संशोधन से राहत मिली है। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि संशोधन होने से 50 हजार शिक्षकों की पदोन्नति हो सकेगी।



**मुख्यमंत्री कार्यालय ने दिए निर्देश, 55 लाख रुपए से होंगे विकास कार्य**

## बदलेगी आनंदेश्वर महादेव मंदिर की सूरत

बेधड़क | जयपुर

पांच साल से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े एतिहासिक आनंदेश्वर महादेव मंदिर ओर दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर की कायापलट होने वाली है।

बल्ली फंटों के बीच भक्तों के द्वारा पूजा पाठ करने की खबर आने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने संज्ञान लेते हुए देवस्थान विभाग को मंदिर के पुनरुद्धार करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग जल्द काम शुरू करेगा। निर्माण कार्य के लिए वित्त विभाग करीब 55 लाख रुपए मंदिर के विकास के लिए देवस्थान विभाग को देगा। शुक्रवार को देवस्थान विभाग की ओर एक आदेश जारी किया गया है, जिसमें देवस्थान विभाग आयुक्त प्रज्ञा केवलरामानी ने मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी आदेश के बाद 55.12 लाख रुपए में मंदिर के विकास और जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए स्थानीय लोग लंबे समय से सरकार से मांग कर रहे थे, लेकिन देवस्थान विभाग ने पैसे नहीं होने का हवाला देकर निर्माण नहीं कराने की असमर्थता जताई थी। सच बेधड़क अखबार में प्रमुखता से खबर छपने पर प्रशासन हरकत में आया और मौके का निरीक्षण किया था।



**सीतापुरा के जेईसीसी में पहुंचे जैन समुदाय के दिग्गज**

# कारोबार की चुनौतियों और विस्तार की संभावनाओं पर मिलेगा मार्गदर्शन

बेधड़क | जयपुर

जैन समुदाय के प्रमुख संगठन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के द्विवार्षिक कार्यक्रम जीतो कनेक्ट 2023 का जयपुर में पहली बार आयोजन हुआ। जैन समुदाय के विश्व भर से आए प्रतिनिधियों ने जीतो कनेक्ट में हिस्सा लेकर इस आयोजन में आगंतुकों का उत्साह और बढ़ा दिया।

जीतो कनेक्ट के उद्घाटन सत्र को राजस्थान और असम के राज्यपाल, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री, सांसद और जीतो के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संबोधित किया। सभी का यह मानना है कि आर्थिक विकास के लिए साझा प्रयास जरूरी है, जिसमें समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की भावना के साथ भारत के साथ 28 देशों में सक्रिय जीतो की भूमिका महत्वपूर्ण है। जीतोअपने 14 वर्टिकल्स के साथ शिक्षा, रोजगार, आवास, चिकित्सा, कारोबार आदि अनेक क्षेत्रों में सक्रिय है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि भारत को विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना जरूरी है। इसके लिए धर्म जाति के बंधन से उपर उठना पड़ेगा।



### जैन समाज की राष्ट्र निर्माण की अभिनव पहल

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया ने वर्ष 2007 में जीतो कार्यक्रम की शुरुआत के अवसर पर मंच पर अपनी मौजूदगी का जिक्र करते हुए कहा कि जीतो, जैन समाज की राष्ट्र निर्माण की अभिनव पहल है। जीतो ने जैन समाज के व्यक्तियों और बच्चों को ऊपर उठाने के उद्देश्य से जो शुरुआत की वह अनुकरणीय है।

### भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जीतो द्वारा भारत की आर्थिक संपन्नता की दृष्टि से किए जा रहे कार्यों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में मौजूद प्रतिनिधि विश्व की 85 फीसदी जीडीपी का प्रतिनिधित्व करते थे, लेकिन आज इस कार्यक्रम में मौजूद लोग भारत की 85 फीसदी जीडीपी का प्रतिनिधित्व करते हैं। जीतो कनेक्ट के संयोजक विमल सिंघवी ने जीतो के राज्य में हुए विकास की जानकारी दी, अध्यक्ष सुखराज नाहर और अभय कुमार श्रीमाल ने जीतो की भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कारोबार और उद्यमिता में तकनीक के उपयोग को लेकर इस साल के अंत में नए विंग की शुरुआत की जा रही है। अंत में जयपुर चैप्टर के सचिव राजीव पालावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ज्ञानवर्धक तकनीकी सत्रों का आयोजन

शुक्रवार को दिन भर तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ, जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक आशीष कुमार चौहान, अर्थव्यवस्था के विकास में मेक इन इण्डिया की भूमिका पर जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड के चेयरमैन और सांसद रहे नवीन जिंदल ने भी संबोधित किया। इसके अलावा विभिन्न पैवेलियन में अनेक ज्ञानवर्धक तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं की खासी उपस्थिति रही।

## जरूरी खबर

### झुंझारजी मंदिर से लाखों रुपए के छत्र चोरी



**सीकर**। जिला मुख्यालय स्थित झुंझारजी मंदिर में लाखों रुपए के सोने-चांदी के छत्र और नगदी चोरी का मामला सामने आया है। पुजारी रामप्रसाद पारीक ने बताया कि सुबह जब ग्रामीण मंदिर में दर्शन करने के लिए आए तो चोरी की जानकारी मिली। चोर मंदिर के गर्भगृह में लगे करीब सात से आठ लाख रुपए के सोने-चांदी के छत्र, चांदी के दीपक और करीब 20 से 22 हजार रुपए नगदी लेकर फरार हो गए। चोर ने चोरी करने के बाद मंदिर के गर्भगृह के पास बैठकर प्रसाद भी खाया। इस दौरान उसका चेहरा भी सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया।

### गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से महिला की मौत

**झुंझुनूं**। झुंझुनूं में बुहाना उपखंड के भूरीवास गांव में एक घर में गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिसके कारण एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, भूरीवास गांव में सुरेश कुमार की पत्नी सुनीता सुबह चाय बनाने के लिए जैसे ही रसोई में जाने के बाद बल्ब को ऑन किया तो तेज धमाका हुआ। रसोई की टाइल्स सहित अन्य धमाके के साथ टूट गया और सुनीता बुरी तरह इस धमाके में घायल हो गई। घायल महिला को पहले बुहाना के सरकारी अस्पताल में लाया गया, जहां से उसे जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जयपुर ले जाते समय घायल सुनीता देवी ने दम तोड़ दिया। घर की रसोई में रखे सिलेंडर में से गैस लीकेज होने से हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

### कराटे प्रतियोगिता में मुस्कान का शानदार प्रदर्शन



**टोंक**। कोटा के रामगंज मंडी में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित 67वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में टोंक की मुस्कान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त किया। कराटे कोच हरिराम जाट ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में टोंक की छात्रा 17 वर्षीय मुस्कान ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान पक्का किया है। जाट ने बताया कि टोंक के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिताओं में अपना दबदबा बना रखा है, जिससे अन्य मेडल भी प्राप्त होने की उम्मीद है।

---

ब्रह्मा कुमारीज मनमोहिनी ऑडिटोरियम हॉल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# सच बेधड़क मीडिया ग्रुप ने कर्मवीरों को किया सम्मानित

■ सच बेधड़क न्यूज चैनल की शुरुआत के लिए विनायक शर्मा को दिया धन्यवाद

बेधड़क | आबुरोड

सच बेधड़क मीडिया ग्रुप की ओर से गुरुवार को सिराही में ब्रह्मकुमारीज के शांतिवन ऑडिटोरियम हॉल में कर्मवीरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के दौरान समाज के उत्थान में योगदान देने वाले समाजसेवियों, राजनीतिक हस्तियों, भामाशाहों व पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि माउंट आबू में सच बेधड़क न्यूज चैनल की शुरुआत के बाद सिरोही में ग्रुप का यह पहला कार्यक्रम था।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जगसीराम कोली ने सच बेधड़क चैनल की प्रशंसा करते हुए इसे मीडिया जगत में एक अनुकरणीय पहल बताया। वहीं ब्रह्माकुमारीज के बीके करूणा ने चैनल के नए कलेवर को लेकर भूरी-भूरी पर प्रशंसा करते हुए चैनल हेड विनायक शर्मा का आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि व फार्मेसी काउंसिल राजस्थान के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कर्मवीर सम्मान समारोह को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे कर्मवीरों के कार्य की प्रशंसा की। सिरोही जिले के सच बेधड़क के ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह करणोत ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के भामाशाहों व अन्य लोगों ने जो सहयोग प्रदान किया, इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र हैं। वहीं कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय निकालकर पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार भी व्यक्त किया।

मंच पर मौजूद अतिथियों द्वारा जिले मे सच बेधड़क चैनल के माध्यम से पल-पल और तेज रफ्तार के साथ आम जनता तक खबर पहुंचाने को लेकर आबूरोड व माउंट आबू स्थानीय रिपोर्टर मगन प्रजापत, शिवगंज के हेमंत अग्रवाल और रेवदर से प्रवीण पुरोहित का भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।



### चैनल ने राजस्थान में अलग ही छाप छोड़ी

कार्यक्रम में चैनल के मैनेजिंग एडिटर सुंधाशु माथुर ने कहा कि चैनल नए कृतिमान स्थापित करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में चैनल ने पूरे राजस्थान में अपनी अलग ही छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राजस्थान के ब्यूरो क्षेत्र में कार्यालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सच बेधड़क खबर सच्चाई को दिखाने से परहेज नहीं करेगा। राजस्थान में आने वाले दिनों में लोगों की जन समस्या, राजनीतिक मुद्दे व तमाम क्षेत्रों से जुड़ी जन समस्यों को हम प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने चैनल के राजस्थान 2030 के मिशन को लेकर भी अपने विचार रखे। उन्होंने मुख्य संपादक विनायक शर्मा समेत उनकी पूरी टीम को बधाइयां दीं।

### इन लोगों को किया सम्मानित

चैनल की टीवी एंकर मैघा कौशिक ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कर्मवीरों को मंच पर आमंत्रित किया, जहां उनका सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक जगसीराम कोली, एडिशनल एसपी बृजेश सोनी, डीएसपी अलसिंह देवड़ा, पालिका अध्यक्ष मगनदान चारण, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश कोठारी, कार्तिक शर्मा, फाउंडेशन माथुर के द्वारा सभी जिले में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वालों को मंच पर प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर शहर की जानी-मानी हस्तियां एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

संजीवनी घोटाले में दायर मानहानि मामले में हुई सुनवाई

# सीएम गहलोत के वकील ने मांगे मामले से जुड़े दस्तावेज

■ दिल्ली की अदालत 16 अक्टूबर को करेगी अगली सुनवाई

बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर किए गए मानहानि केस में सीएम गहलोत की ओर से दायर अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई की गई। इस दौरान गहलोत के वकील ने राजस्थान हाईकोर्ट में चल रहे मामले से जुड़े दस्तावेज की मांग की। इसके बाद राउज एवेन्यू कोर्ट में एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल ने मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को तय कर दी।

इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से 91 का नोटिस देकर खुद को आरोप मुक्त करने की मांग की गई थी। इस याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया था। गहलोत के वकील ने तब भी इस नोटिस के तहत मुकदमे से संबंधित अपने पक्ष के दस्तावेज देने की मांग की थी। उस समय शेखावत के वकील ने कहा था कि गहलोत की ओर से 91 का नोटिस देना गैर न्यायिक है। इससे 251 के नोटिस की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।

शेखावत के वकील ने कहा कि मामले में अब गहलोत को 251 का नोटिस जारी कर कोर्ट में पेश होने के लिए बुलाया जाना चाहिए। बता दें कि जब किसी सम्मन-मामले में अभियुक्त मजिस्ट्रेट के सामने पेश होता है या लाया जाता है, तो जिस अपराध का उस पर आरोप लगाया गया है, उसका विवरण उसे बताया जाएगा और उससे पूछा जाएगा कि क्या वह दोषी मानता है या उसके पास कोई बचाव करने के लिए है।इस प्रक्रिया के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अभी कोर्ट में पेश होना है।



### क्या था मामला

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उन्हें और उनके परिवार को संजीवनी घोटाले में आरोपी बताए जाने को लेकर गहलोत पर मानहानि का दावा किया था। इसके बाद अदालत ने छह जुलाई को गहलोत के खिलाफ समन जारी कर सात अगस्त को व्यक्तिगत पेशी का आदेश दिया था। गहलोत ने एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के इस आदेश को सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी। सेशन कोर्ट के जज एमके नागपाल ने छह अगस्त को सुनवाई करते हुए गहलोत को व्यक्तिगत पेशी की जगह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश होने की अनुमति देते हुए राहत प्रदान की थी। यह अनुमति अभी भी जारी है। इसलिए गहलोत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ही अबतक पेश होते रहे हैं।

### गजेंद्र सिंह शेखावत की दलील

केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस मामले में कह चुके हैं कि उनकी 'तीन पीढ़ियों' का कथित संजीवनी क्रेडिट सहकारी सोसायटी घोटाले से कोई वास्ता नहीं है। संजीवनी घोटाले में लाखों निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी हुई है। शेखावत ने उन्हें इस घोटाले से जोड़ने के आरोपों को सिरे से खारिज किया और गहलोत के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। वहीं मुख्यमंत्री इस मामले को लेकर कई बार केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पर निशाना साध चुके हैं।

---

पांच आरोपियों को किया डिटेन

# उदयपुर में छापे, हवाला के 1.44 करोड़ रुपए बरामद



बेधड़क | उदयपुर

जिले की धान मंडी और हाथी पोल थाना पुलिस की टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में हवाला के एक करोड़ 44 लाख 30 हजार रुपए बरामद कर पूछताछ के लिए पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है, संदिग्ध राशि जब्त कर ली गई है। एसपी भुवन भूषण यादव ने बताया कि गुरुवार को घंटाघर थाना क्षेत्र के मोती चोहटा स्थित करजाली हाउस और कोहिनूर अपार्टमेंट में हवाला कारोबारियो के छापा मारा।

पहली कार्रवाई में करजाली हाउस में महा सिल्वर ज्वैलर्स के फर्स्ट फ्लोर स्थित ऑफिस से 1 करोड़ 21 लाख 40 हजार रुपए जब्त किए। मौके से लाला भाई, राजेंद्र उर्फ विपिन प्रजापत, मिथुन भाई एवं राजेंद्र सिंह को डिटेन किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई में कोहिनूर अपार्टमेंट मोती चोहटा में आरोपी नैनाराम को डिटेन कर 22 लाख 90 हजार रुपए सन्दिग्ध राशि जप्त की गई।

### टैक्सी कार से 10 लाख रुपए बरामद

**बाड़मेर।** थाना धोरीमन्ना पुलिस ने धनाउ बाईपास पर नाकाबंदी के दौरान एक टैक्सी कार सवार व्यक्ति से हवाला के 10 लाख रुपए बरामद किए हैं। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दिलीप कुमार नाम का व्यक्ति एक प्राइवेट टैक्सी कार में राशि लेकर धोरीमना की तरफ आ रहा है। इस पर नाकाबंदी में कार को रोका गया और पीछे सीट पर बैठे आरोपी दिलीप कुमार प्रजापत पुत्र प्रताप राम (31) निवासी सिरोही से 10 लाख रुपए बरामद किए गए।

---

भीलवाड़ा रोड पर कार और लोडिंग टेंपो में भिड़ंत

# शाहपुरा कलेक्टर टीकमचंद बोहरा सड़क हादसे में घायल

बेधड़क | शाहपुरा



जिला कलेक्टर टीकमचंद बोहरा की कार शुक्रवार को भीलवाड़ा रोड पर बनेड़ा कस्बे के पास मेगा हाइवे पर एक निजी रिसोर्ट के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गई। कलेक्टर की सरकारी कार और लोडिंग टेंपो में भिड़ंत हो गई, जिससे कार और टेंपो दोनों ही क्षतिग्रस्त हो गए। कलेक्टर और गनमैन के घायल होने पर उनको भीलवाड़ा के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि जिला कलेक्टर बनेड़ा में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। हादसे में जिला कलेक्टर बोहरा के भी सिर में गंभीर चोट लगी। गनमैन पुष्पेंद्र सिंह और चालक भी चोटिल हुए हैं। उनके साथ शाहपुरा के पीआरओ ईशांत काबरा भी थे, उनके भी पैर में फैक्चर की संभावना बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही बनेड़ा पुलिस और बनेड़ा तहसीलदार मौके पर पहुंचे और कलेक्टर को तुरंत भीलवाड़ा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

### कृषि विभाग की मिलेट्स कार्यशाला आयोजित

**टोंक**। कृषि ऑडिटोरियम में शुक्रवार को मिलेटस कार्यशाला आयोजित की गई। जिला कलेक्टर डॉ. ओम प्रकाश बैरवा ने कहा कि शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी रखने के लिए पोषक अनाज काफी महत्वपूर्ण हैं। पोषक अनाज पोषण से भरपूर होने के कारण रोगों से बचाव करता है। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित भोजन ही शरीर को पूर्ण पोषण प्रदान कर सकता है। इसके लिए मोटे अनाजों के प्रति लोगों को जागरूक करें।

---

90 क्विंटल लकड़ियों के साथ आरोपी गिरफ्तार

# दस करोड़ कीमत की लाल चंदन की लकड़ी बरामद

बेधड़क | हनुमानगढ़



भिरानी थाना पुलिस ने रोही बीबीपुर स्थित एक फार्म हाउस में दबिश देकर 90 क्विंटल 70 किलो अवैध लाल चंदन की लकड़िया बरामद कर आरोपी सतवीर जाट पुत्र देवीलाल (30) निवासी भादरा, हनुमानगढ़ को गिरफ्तार किया है। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि गुरुवार को कांस्टेबल सचिन कुमार ने एसएचओ कविता पूनिया को रोही बीबीपुर में जगदीश खाती फार्म हाउस में चंदन की लकड़ियों के भंडारण होने की सूचना दी। सूचना पर टीम गठित कर फार्म हाउस पर छापा मार फार्म हाउस के गेट पर खड़े आरोपी सतवीर जाट को गिरफ्तार किया गया। एसपी चौधरी ने बताया कि लकड़ियों का वजन 90 क्विंटल 70 किलोग्राम है। जिसकी बाजार में कीमत दस करोड़ रुपए है।

उन्होंने बताया कि चंदन की लकड़ियों की तस्करी में बड़ा गिरोह शामिल होने की संभावना है।

---

नाथ योगी समाज सम्मेलन में शामिल हुए RTDC चेयरमैन

# गहलोत सरकार ही नाथ योगी समाज की हितैषी: राठौड़

### भाजपा ने नाथ योगी समाज की उपेक्षा की

बेधड़क | अजमेर

अजमेर के जनाना अस्पताल रोड स्थित खानपुर गार्डन में शुक्रवार को नाथ योगी समाज का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ रहे और अध्यक्षता घुमंतु और अर्ध-घुमंतु कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष उर्मिला योगी ने की।

कार्यक्रम में धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने योगी समाज के कल्याण के लिए गुरु गोरखनाथ बोर्ड बनाया। उन्होंने कहा कि योगी नाथ समाज की खास बात यह है कि उन्होंने जो वचन दे दिया, वे अपने वचन से पीछे नहीं हटते हैं। हमारी पार्टी ने पहली बार नाथ योगी समाज को पार्टी से टिकट दिया। दूसरी बार उर्मिला योगी को टिकट दिया।

चेयरमैन राठौड़ ने बीजेपी को आड़े हाथों लेते कहा कि बीजेपी ने आज तक नाथ योगी समाज की सुध नहीं ली है। बीजेपी ने नाथ योगी समाज को एक बार भी टिकट नहीं दिया है और न ही कोई मंत्री पद दिया है।

जाहिर तौर पर कांग्रेस पार्टी और हमारी सरकार ही योगी नाथ समाज की हितैषी है। आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी समाजों के उत्थान और विकास के लिए काम किया है।



### विधानसभा चुनाव में राठौड़ का साथ देने का किया आह्वान

कार्यक्रम में घुमंतु और अर्ध-घुमंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष उर्मिला योगी ने कहा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नाथ योगी समाज के उत्थान के लिए कल्याण बोर्ड बनाए हैं। आरटीडीसी राठौड़ के प्रयास से योगी नाथ समाज के बोर्ड बने हैं और राठौड़ के सहयोग से राज्यमंत्री बन सकी। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि नाथ योगी समाज चेयरमैन राठौड़ का साथ दें, तभी मेरा सम्मान होगा। राठौड़ योगी समाज के लिए पूर्ण रूप से साथ हैं। इस दौरान नाथ समाज के थान सिंह योगेश्वर, सोहननाथ, प्रभुनाथ, बाबूलाल, भागचंद, मांगीनाथ, हर्षित योगी, ओमनाथ, भेरुनाथ, रतननाथ, दुर्गानाथ, गोपाल बिरला, गणेशनाथ, परमेश्वर योगी, सुरेंद्रनाथ और शंभूनाथ आदि ने चेयरमैन राठौड़ का स्वागत किया। चेयरमैन राठौड़ के साथ ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल, पार्षद नोरत गुर्जर, हमीद चीता, सर्वेश पारीक, मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़, गणेश चौहान, छोटू सिंह रावत और रवि दगदी आदि मौजूद रहे।

---

महिला एवं बाल विकास मंत्री का विरोध

# सिकराय में ममता भूपेश को दिखाए काले झंडे

**दौसा**। राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश दौसा जिले के सिकराय विधानसभा क्षेत्र में रुडमल का बास पहुंचीं। इस दौरान ममता भूपेश के काफिले को कुछ युवाओं ने काला झंडा दिखाकर जमकर नारेबाजी की। गहलोत सरकार में मंत्री ममता भूपेश सिकराय से विधायक हैं।

मंत्री ममता भूपेश का काफिला गोठड़ा के रूडमल के बास से होकर गुजर रहा था, तभी कुछ युवाओं ने विरोध करते हुए उनकी गाड़ी के सामने काला झंडे दिखाए। प्रदर्शन करने वाले युवाओं ने ममता भूपेश के विरोध में भ्रष्टाचार भगाओ, सिकराय बचाओ जैसे नारे लगाए। इस पूरे विरोध प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं के हटाना शुरू कर दिया, इस दौरान पुलिस और युवकों में कहा सुनी हो गई। ममता भूपेश के समर्थकों और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का मुक्की हुई। ममता भूपेश क्षेत्र में सड़क के शिलान्यास के लिए दौरे पर थीं।



**चुनावी पोळ**

अब ना दीज्यो ओळमो, कर्‌यो
ना म्हारो काम,
तेतीस नै तिरेपन कर् या,
ऊंणा-खूणा सब धाम।।

■ गजानन

**सीधे फील्ड से** | कांग्रेस के गढ़ में भाजपा के साथ तीसरे मोर्चे के दल भी मैदान में

# शेखावाटी के चुनावी अखाड़े में दम लगा रही आधा दर्जन पार्टियां



■ सीकर से रमेश शर्मा की रिपोर्ट

**बेधड़क** | सीकर

शेखावाटी क्षेत्र प्रदेश की राजनीति में अहम स्थान रखता है। अपनी ऐतिहासिक हवेलियों, मंदिरों और मीठी बोली के लिए देशभर में जाने जाना वाले शेखावाटी ने प्रदेश की राजनीति को कई बड़े चेहरे दिए हैं। शेखवाटी में सीकर स्थित खाटूश्याम जी और चूरू जिला स्थित सालासर बालाजी के मंदिर देश-दुनिया में प्रसिद्ध हैं और यहां लगातार भारी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है। क्षेत्र के सीकर, चूरू व झुंझुनू जिलों की कुल 21 विधानसभा सीटों में से 15 पर वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं। भाजपा के पास सिर्फ चार सीट हैं। एक सीट पर निर्दलीय व एक पर बसपा ने जीत दर्ज की थी। इस तरह से देखा जाए तो शेखावाटी कांग्रेस का गढ़ है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व विधानसभाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह शेखावत, परसराम मोरदिया, डॉ. राजकुमार शर्मा, बृजेंद्र ओला जैसे नेता इस क्षेत्र से आते हैं। भाजपा में भी शेखावाटी नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ का गृह क्षेत्र है। इस चुनाव में शेखावाटी क्षेत्र की विधानसभा सीटों पर तीसरा मोर्चा अपनी मौजूदगी पूरे प्रभाव के साथ दर्ज करा रहा है। चाहे आरएलपी हो या जेजेपी, शिवसेना हो या आप, ये पार्टियां इस क्षेत्र की राजनीति को प्रभावित कर सकती हैं। जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) शेखावाटी में बड़ी सभा कर चुकी है वहीं शिवसेना ने भी पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढा के जरिए शेखावाटी में अपनी पकड़ मजबूत करना शुरू कर दी है। आम आदमी पार्टी ने पिछले दिनों सीकर में डोर टू डोर गारंटी कार्ड वितरण और जन संवाद कार्यक्रम किया था, वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने पिछले सप्ताह सत्ता संकल्प यात्रा का आगाज शेखावाटी के सालासर बालाजी के मंदिर से किया है।







## सत्ता विरोध की नाव पर सवार तीसरा मोर्चा

अब तक मुख्य रूप से भाजपा व कांग्रेस की राजनीति का केंद्र रहे शेखावाटी में तीसरे मोर्चे की पार्टियों के नेता सत्ता विरोधी लहर की नाव पर बैठकर वोटर्स का केंद्रीकरण कर जीत की तिकड़म लगा रहे हैं। तीसरे मोर्चे के नेताओं का मानना है कि प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर चली तो उन्हें सबसे ज्यादा फायदा होगा। ऐसे में जेजेपी, आप, आरएलपी बसपा, शिवसेना व कम्युनिस्ट पार्टी यहां अपना वोट बैंक मजबूत करने में लग गए हैं। हरियाणा सरकार में भाजपा की सहयोगी जननायक जनता पार्टी ने पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 110वीं जयंती को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया और बड़ी जनसभा की। कांग्रेस को दो बड़ी महिला नेत्रियों ने भी जेजेपी ज्वॉइन की है। वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढा को शिवसेना ज्वॉइन करवाकर वोट बैंक पर काम करना शुरू कर दिया है। बसपा ने अगस्त में शेखावाटी के जिलों में बहुजन राज अधिकार रथ यात्रा निकालकर दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश की है। आम आदमी पार्टी की बात करें तो पिछले दिनों आप के प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा ने श्रीमाधोपुर, दातारामगढ़ और सीकर में डोर टू डोर गारंटी कार्ड वितरित किए और लोगों से जन संवाद किया। आम आदमी पार्टी पंजाब व दिल्ली में किए गए कार्यों के आधार पर वोट मांगेगी। रालोपा की बात करें तो सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने सालासर बालाजी मंदिर से संकल्प यात्रा शुरू की। बेनीवाल खुद रथ पर सवार होकर पूरे शेखावाटी के वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए घेराबंदी करने में लगे हैं। शेखावाटी में जाट वोटर्स की बड़ी संख्या है। बेनीवाल इन वोटर्स के भरोसे यहां की राजनीति में पैठ बनाने में जुटे हैं।

## चूरू में कांग्रेस के 4, भाजपा के 2 विधायक

- चूरू विधानसभा से वर्तमान नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ विधायक हैं। उनके सामने कांग्रेस से रफीक मंडेलिया ने चुनाव लड़ा था जो 1850 मतों से पराजित हुए थे।
- सरदारशहर से कांग्रेस से पंडित भंवरलाल शर्मा के दिवंगत होने पर उपचुनाव में उनके पुत्र अनिल शर्मा ने जीत दर्ज की। सरदारशहर को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है।
- तारानगर विधानसभा से वर्तमान में कांग्रेस के नरेंद्र बुडानिया विधायक हैं। यहां से अबकी बार भाजपा से राजेंद्र राठौड़ के चुनाव लड़ने की चर्चाएं हैं।
- सादुलपुर विधानसभा से वर्तमान में कृष्णा पूनियां विधायक हैं। इन्होंने बसपा के पूर्व विधायक मनोज न्यांगली को चुनाव में करारी शिकस्त दी थी।
- रतनगढ़ से भाजपा के अभिनेश महर्षी ने जीत दर्ज की थी। महर्षी ने निर्दलीय प्रत्याशी पूसाराम गोदारा को भारी मतों से पराजित कर कमल का फूल खिलाया था।
- सुजानगढ़ सीट से कांग्रेस विधायक मास्टर भंवरलाल मेघवाल के निधन के बाद उपचुनाव में उनके पुत्र मनोज मेघवाल ने निकटतम प्रतिद्वंदी खेमाराम मेघवाल को भारी मतों से पराजित किया था।

## सीकर में सभी सीटें कांग्रेस के पास

सीकर जिले में आठ विधानसभा क्षेत्र हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में 7 सीट कांग्रेस के खाते में गई थी। खंडेला से निर्दलीय विधायक महादेव सिंह खंडेला ने कांग्रेस को समर्थन दे दिया था, इस प्रकार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के विधायक हैं। चुनाव में भाजपा का सीकर जिले में खाता भी नहीं खुला। जिले में इस बार भाजपा अपनी मौजूदगी बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। अभी नीम का थाना से कांग्रेस के सुरेश मोदी, खंडेला से विधायक महादेव खंडेला, श्री माधोपुर से दीपेंद्र सिंह शेखावत, दांतारामगढ़ से चौधरी वीरेंद्र सिंह, सीकर से राजेंद्र पारीक, लक्ष्मणगढ़ सीट से गोविंद सिंह डोटासरा, फतेहपुर से हाकम अली व धोद से परसराम मोरदिया विधायक हैं। सभी सीटों पर एंटी इन्कंबेंसी सहित अन्य कई फैक्टर्स हैं जो चुनाव को प्रभावित करेंगे। कांग्रेस के लिए जिले में अपनी प्रतिष्ठा को बचाए रखने की चुनौती है तो भाजपा के सामने यहां दमदार वापसी करने की।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## बड़े साहब की रैली जमा जाती है रंग

फूल वाली पार्टी के सबसे बड़े भाईसाहब प्रदेश के हर जिले में चुनावी सभा करेंगे। भाई साहब के इस चुनावी कार्यक्रम की पुख्ता तो नहीं लेकिन जितनी भी जानकारी बाहर आई उससे फूल पार्टी के भाई लोगों में उत्साह बना हुआ है। बड़े साहब जहां भी आते हैं, माहौल बना जाते हैं। पार्टी की नैया के भी खेवनहार प्रदेश में यही हैं। कोई भी आज्ञाकारी खेवनहार नहीं मिलने के कारण पार्टी ने यह रणनीति बनाई थी। जब रणनीति आउट हुई तो यह माना जा रहा था कि बड़े भाई साहब के तो राजकाज ही कम नहीं, कैसे समय निकालेंगे। लेकिन अब जैसे ही ताबड़तोड़ दौरों की बयार शुरू होने को है तो हाथ वाली पार्टी चितिंत दिखाई दे रही है। पार्टी के भारी प्रभारी ने यहां तक कह डाला कि कोई ऐसा करता है? देश संभालने की जगह प्रदेश में पार्टी संभाल रहे हैं। यह तो इतिहास ही बनने जा रहा है। लेकिन एक बात तो दोनों ही पार्टी के भाई लोग मानते हैं। भाई साहब जहां भी जाते हैं रंग जमा जाते है। रंग के साथ अलग से मैसेज दे जाते हैं कि कई भाई लोगों के पसीने छूट जाते हैं, तो कइयों की बांछे खिल जाती है। जोधपुर में भी बड़े भाईसाहब के मैसेज की चर्चा है। वैसे जोधपुर में भाईसाहब की पगड़ी बांधने में जोधपुरी हुकुम को बड़ा जोर आया था।

■ यायावर

**ई वॉर**



Govind Singh Dotasra @GovindDotasra · 6h
भाजपा का एक ही हथियार
नफ़रत और हिंसा का प्रचार

प्रधानमंत्री जी, राजनीति में BJP का निहायत घटिया स्तर भाषायी मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ चुका है।

BJP के आधिकारिक हैंडल से भड़काऊ ट्वीट एवं @RahulGandhi जी के खिलाफ हिंसक और घृणित भाषा का प्रयोग अत्यंत शर्मनाक है।

Rajendra Rathore @Rajendra4BJP · 10h
कांग्रेस के पेपर लीक माफिया ने प्रदेश के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। राजस्थान का युवा इंसाफ मांग रहा है।
@narendramodi @BJP4India @BJP4Rajasthan
#ModiKeSathRajasthan

**थड़ी पॉलीटिक्स**



## पांच साल में नहीं हर साल होने चाहिएं चुनाव

**स्थान** MBA चाय वाला वैशाली नगर | **समय** शाम 4:55 बजे

*लगातार बढ़ रही नेताओं की जुबानी जंग, रोज उछलते नए जुमले और चुनावी सभाओं के मैराथन दौर के बीच प्रदेश में चुनावी मौसम परवान चढ़ने लगा है। शहरों के चौक-चौराहों से गांवों की गलियों तक चुनावी चर्चाओं का माहौल है। बातें कहीं से भी शुरू हों पर चुनावों तक पहुंच ही जाती हैं। यहां वहां जमने वाली मंडलियों में चलने वाली चर्चाओं से निकलने वाले राजनीतिक रुझानों का 'मक्खन' ढूंढते हम पहुंचे वैशाली नगर। यहां एक ब्रांडेड टी-स्टॉल पर लगी थी युवाओं की मंडली। आस पड़ौस से निकली बात जा पहुंची राजनीति तक-"अब तो सब मिल गया, कोई कमी हो तो बताओ, जैसे सरकार सब कुछ खुले हाथ से बांट रही है, तुम लोगों को भी चाय, बिस्किट के बाद कोल्ड ड्रिंक भी पिला दी है मैनें, अब तो फाइनल समझूं अपना काम।" कपिल राज ने मजाक में अपनी बात को चुनाव से पहले की घोषणाओं से जोड़ा, सामने से कोल्ड ड्रिंक का सिप लेते हुए सुमित कुमावत ने बात काटी-"इसको मिलना नहीं बोलते भाई, घोषणा बोलते हैं। मैं घोषणा कर देता हूं कि मैं अल्बर्ट हॉल तेरे नाम कर रहा हूं, जा कर ले वहां कब्जा। अरे भाई, जो बेसिक काम हैं वो होने चाहिएं पहले।" बात में थोड़ा दम है, ये सोचकर सामने से एकलव्य की थोड़ी भारी आवाज आई-"अरे भाई, ग्राउंड लेवल पर काम करना पड़ता है, और पूरे पांच साल करना पड़ता है। अब तो चाहे बड़े वाले हों या छोटे वाले, ये कितने ही चक्कर लगा लें, जनता ने पांच साल में सबको परख लिया है। जिसने कुछ किया होगा उसको तो उसका फल मिलेगा ही मिलेगा।" काफी देर से चुप बैठे जुंजाराम ने चर्चा को समाप्त करते हुए कहा-"यार, वैसे चुनाव पांच साल में नहीं हर साल ही आने चाहिएं। चुनाव में कई सारे काम तो हो जाते हैं कम से कम लोगों के। जनता भी काम करने वालों को ही आगे पहुंचाए तभी सिस्टम ठीक होगा।" चुनावी राजनीति को आईना दिखाते हुए इन युवाओं की चर्चा इसी के साथ समाप्त हुई और सब अपने अपने रास्ते निकले।।*

■ नरेन्द्र शर्मा

**पॉली क्लिक्स**



*कहते हैं नाम में कुछ नहीं रखा। लेकिन बात राजनीति की करें तो नाम में बहुत कुछ रखा है। रेवदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के चुनाव अभियान में नाम की एक बड़ी गफलत सोशल मीडिया पर छाई रही। एक स्थानीय पदाधिकारी ने अभियान के बैनर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की जगह विधानसभाध्यक्ष सीपी जोशी का फोटो लगा लिया। मजाक और फजीहत हुई तो बाद में जोशी के फोटो पर कागज चिपका दिया।*

**पॉली टून**





**चुनावी इतिहास के झरोखे से**

# राजनीतिक दलों को बड़ा बनाने में अहम रहा आमसभाओं का दर्शनशास्त्र




■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com


चुनाव दर चुनाव- भारत में संसदीय लोकतंत्र का अहम हिस्सा बन गया है। फिर चुनाव के लिए मतदाताओं तक पहुंच भी जरूरी होती है। इसके कई साधन अपनाए जाते हैं। वक्त के साथ-साथ इनके स्वरूप में परिवर्तन से हम रू-ब-रू हो रहे हैं। आरंभ में आम चुनावों में सभाओं के साथ-साथ जुलूस निकाले जाते थे। चुनाव चिह्नों के बैज बनवाकर बांटे जाते थे। बच्चों में इन बैजों के प्रति आकर्षण होता था। बैज लगाकर गली-गली घूमने, शोर मचाने का आनंद तो अलग ही था। प्रत्याशी के समर्थक बच्चों की भीड़ इकट्ठी करके मौहल्लों में छोटे-छोटे जुलूस निकलवाते थे। छोटे मोटे शहरों में नुक्कड़ सभाओं के अलावा बड़े चौक में बड़ी सभा के आयोजन का भी रिवाज था। चुनावी सीजन के अलावा भी विशेषकर तत्कालीन प्रतिपक्षी राजनीतिक दलों की ओर से आम सभाओं की परम्परा विकसित हुई। इनमें तत्कालीन जनसंघ और समाजवादी दलों की अहम भूमिका हुआ करती थी। आपातकाल के पश्चात वर्ष 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में नवगठित जनता पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में जनसंघ नेता सतीशचंद्र अग्रवाल जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। उनके समर्थन में जयपुर के रामनिवास बाग में अल्बर्ट हॉल के सामने बड़े मंच पर आयोजित चुनावी सभा को लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने संबोधित किया।

केन्द्र में पहली बार मोरार जी देसाई के नेतृत्व में गठित गैर कांग्रेस सरकार में सतीशचंद्र अग्रवाल को वित्त राज्यमंत्री बनाया गया। अग्रवाल का निवास जयपुर के सी स्कीम में धूलेश्वर बाग स्थित यूएनआई ऑफिस के पास ही था। जयपुर आने पर वह मुझे गपशप के लिए बुला लेते। वह इस बात के लिए चिंतित रहते कि अन्य राज्यों की ओर से योजनाएं बनाकर केन्द्र से धनराशि आवंटित करवा ली जाती है लेकिन इस मामले में राजस्थान काफी पीछे है।

चर्चा के दौरान मैने सतीश जी से पूछा- आप भरतपुर जिले के निवासी हैं, तो आपने इतनी जल्दी जयपुर में अपना प्रभाव क्षेत्र कैसे बना लिया। जनसंघ के कार्यकर्ता और वकालत के पेशे की चर्चा करते हुए उन्होंने जब आम सभा के आयोजन का दर्शनशास्त्र समझाया तो सुनकर मैं आश्चर्यचकित रह गया। तो अपने पाठकों को इस कथा से वंचित क्यों रखा जाए, जो आजकल की चुनाव रैलियों की शान-शौकत देखने के अभ्यस्त हैं।

जनसमस्याओं को लेकर जयपुर में आमतौर पर माणक चौक चौपड़ पर जनसंघ की आमसभा हुआ करती थी। भैरोंसिंह शेखावत और सतीशचंद्र अग्रवाल से पहले सभा जमाने के लिए स्थानीय नेताओं के भाषण होते। पर इससे पहले सभा की तैयारी की चर्चा पार्टी संगठन के मंडल स्तर पर होती। दरी-फर्श बिछाने से लेकर मंच-माइक व्यवस्था की जिम्मेदारी की रूपरेखा बनती। फिर आमसभा का लाभ लेने की योजना बनती। समझदार तथा अनुभवी कार्यकर्ता सभा स्थल पर अलग अलग समूह में बैठते। वरिष्ठ नेताओं के भाषण पर कब कैसे तालियां बजानी हैं, इसका भी उन्हें अभ्यास था। सभा समाप्त होने के बाद यही कार्यकर्ता आपसी बातचीत में भाषण पर टिप्पणी करते हुए लोगों की प्रतिक्रिया जानते। फिर ऐसे लोगों से परिचय बढ़ाकर पार्टी से जोड़ने की पहल होती। इस तरह आमसभाओं के आयोजन का दर्शनशास्त्र पार्टी के विस्तार का माध्यम बना।

## मलिका-ए-गजल बेगम अख़्तर के जन्मदिवस पर विशेष

# जिनके गायन में थी सुर की सच्चाई



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



*बेगम अख़्तर ज़्यादातर ख़ुद ही अपनी ग़ज़लों और तमाम उप शास्त्रीय गायन की धुन तैयार करती थीं। यही नहीं गायन में वे कहन को ज़रूरी मानती थीं। उनका मानना था, जो भी गाओ खुलकर गाओ। 30 अक्टूबर, 1974 को महफ़िल-ए-ग़ज़ल की ज़ीनत बेगम अख़्तर इस जहान-ए-फ़ानी से हमेशा के लिए रुख़सत हो गईं। अपने इंतकाल से पहले आकाशवाणी के लिए उन्होंने अपनी आख़िरी ग़ज़ल रिकॉर्ड कराई थी। यह कैफ़ी आज़मी का कलाम 'सुना करो मेरी जां, इनसे उनसे अफ़साने..' था। बेगम अख़्तर की मौत के बाद सिद्धेश्वरी देवी, जो उनकी अच्छी साथी और उन्हीं के टक्कर की उप शास्त्रीय गायिका थीं, उन्होंने जज़्बाती होकर कहा था,"अख़्तर गयी, उसके साथ ग़ज़ल गयी, ठुमरी गयी, गायिकी गयी, ग़ज़ल की दुनिया चली गई।"*

बेगम अख़्तर ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था, ''तासीर रचने के लिए सुर की सच्चाई सबसे ज़रूरी है।'' यही नहीं उनकी कैफ़ियत थी, ''आवाज़ के साथ उसमें दर्द ज़रूरी है। यही दर्द, आवाज़ में रस पैदा करता है।' बेगम अख़्तर के गायन में वाक़ई सुर की सच्चाई थी, तो एक शदीद दर्द भी था। जो उनके गायन में ग़ज़ब का जादू जगाता था। लाखों लोग उन पर फ़िदा थे और आज भी बेगम अख़्तर के गायन के जानिब उनकी चाहतें कम नहीं हुई हैं। पुरानी तो पुरानी, नई पीढ़ी भी उनकी ग़ज़लों और उप शास्त्रीय संगीत की तमाम बन्दिशों को उसी शिद्दत से सुनती है। बेगम अख़्तर ने जिस तरह से अपनी ग़ज़लों में शायरों के जज़्बात, एहसास और उदासी को बयां किया, वैसा कोई दूसरा नहीं कर पाया। वे सरापा ग़ज़ल थीं। उन जैसे ग़ज़लसरा न पहले कोई था और न आगे होगा। सच पूछिये, तो ग़ज़ल से ही उनकी शिनाख़्त है। ग़ज़ल के बिना बेगम अख़्तर अधूरी हैं और बेगम अख़्तर बग़ैर ग़ज़ल। देश-दुनिया में ग़ज़ल को जो बेइंतिहा मक़बूलियत मिली, उसमें बेगम अख़्तर का बड़ा रोल है। एक दौर में जब ग़ज़ल बादशाहों, नवाबों के दरबार की ही ज़ीनत होती थी, ख़ास लोगों तक ही महदूद थी, उसे उन्होंने आम जन तक पहुंचाया।

बेगम अख़्तर ने बतलाया कि ग़ज़ल सिर्फ पढ़ी ही नहीं जाती, बल्कि इसे संगीत में ढालकर गाया भी जा सकता है। बेगम अख़्तर ने जो भी गाया, उनकी पुर-कशिश आवाज़ ने इन ग़ज़लों को अमर कर दिया। उन्होंने ग़ज़ल को क्लासिकल म्यूजिक में वह मर्तबा दिलवाया, जिसकी वह हक़दार थी। वे बेगम अख़्तर ही थीं, जिन्होंने सबसे पहले कहा, ग़ज़ल भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्परा का हिस्सा है। ग़ज़ल के अलावा बेगम अख़्तर ने भारतीय उप शास्त्रीय गायन की सभी विधाओं मसलन ठुमरी, दादरा, कहरवा, ख्याल, चैती, कजरी, बारामासा, सादरा वगैरह में भी उसी महारथ के साथ गाया। वे ठेठ देशी ढंग से ठुमरी गाती थीं। उनकी ठुमरी में कभी-कभी बनारस के लोक गीतों की शैली का असर भी दिखलाई देता था। बेगम अख़्तर ने ठुमरी, दादरा और ग़ज़ल को शास्त्रीय संगीत के बराबर लाकर खड़ा किया और बड़े-बड़े दिग्गज उस्तादों से अपनी गायकी का लोहा मनवाया।

*उनके गायन में गजब का जादू जगाता था। लाखों लोग उन पर फिदा थे और आज भी बेगम अख़्तर के गायन के जानिब उनकी चाहतें कम नहीं हुई हैं। पुरानी तो पुरानी, नई पीढ़ी भी उनकी गजलों और उप शास्त्रीय संगीत की तमाम बंदिशों को उसी शिद्दत से सुनती है।*

इस बात में कोई दो राय नहीं कि बेगम अख़्तर ने अपने गायन से हिंदुस्तानी उप-शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाया। उसे आम जन तक पहुंचाया। आज हम इक़बाल बानो, फ़रीदा ख़ानम, मलका पुख़राज, शोभा गुर्टू, रीता गांगुली, मेहदी हसन, गुलाम अली, जगजीत सिंह वगैरह की ग़ज़ल गायकी के क़ायल हैं, उनकी ग़ज़लों के मुरीद हैं। लेकिन एक दौर था, जब बेगम अख़्तर के अलावा ग़ज़ल गायन के मैदान में दूर-दूर तक कोई नहीं था। उन्होंने ही उप-शास्त्रीय संगीत में ग़ज़ल को सम्मानजनक मुक़ाम तक पहुंचाया। पंडित जसराज, पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, नर्गिस से लेकर सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर तक बेगम अख़्तर की गायकी की कायल थीं। लता मंगेशकर ने उनकी मशहूर ग़ज़ल 'दीवाना बनाना है, तो दीवाना बना दे', रेडियो प्रोग्राम 'आपकी फ़रमाइश' में महज़ इसलिए भेजी थी कि वे उनके नाम के साथ, अपना नाम सुनना चाहती थीं। मशहूर शहनाई वादक बिस्मिल्ला खां, बेगम अख़्तर के गायन पर इसलिए फ़िदा थे कि गायन के दौरान दुगुन-तिगुन के समय उनकी आवाज़ जो लहरा के भारी हो जाती थी, वह कमाल उन पर जादू करता था। शायर कैफ़ी आज़मी ने अपने एक इंटरव्यू में बे—तकल्लुफ़ होकर यह बतलाया था, ''मैं ग़ज़ल इसलिए कहता हूं कि, ताकि मैं ग़ज़ल यानी बेगम अख़्तर से नज़दीक हो जाऊं।'' बेगम अख़्तर से जुड़ा एक क़िस्सा और है, जो उनकी शार्गिद शान्ती हीरानंद ने इंटरव्यू में बतलाया था, ''एक बार जब बेगम अख़्तर लाल क़िले में परफ़ार्मेंस के लिए गईं, तो प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू उनको देखकर आदर में खड़े हो गए और उनका अभिवादन किया।'' बेगम अख़्तर ज़्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थीं। बावजूद इसके उर्दू और फ़ारसी अल्फ़ाज़ों से लबरेज़ ग़ज़लों के तलफ़्फ़ुज़ को वे बड़े ही सरलता से पकड़ लेती थीं और इस अदायगी से गाती थीं कि सुनने वालों के मुंह से वाह-वाह ही निकलता था। उर्दू अदब से उन्हें मुहब्बत थी, ख़ास तौर पर बेहतरीन शायरी उनकी कमज़ोरी थी। ग़ज़ल के जानिब बड़ी दीवानगी थी। जो कलाम उन्हें पसंद आ गया, अपनी बेहतरीन गायकी से उन ग़ज़लों में उन्होंने रूह डाल दी। बेगम अख़्तर ने जिस शायर का कलाम गा दिया, वह ज़िंदा जावेद हो गया।

बेगम अख़्तर ने कई अज़ीम ग़ज़लकारों मिर्ज़ा ग़ालिब, ज़ौक़, मिर्ज़ा रफ़ी सौदा, मोमिन, मीर तक़ी मीर, फ़िराक़ गोरखपुरी, कैफ़ी आज़मी, जां निसार अख़्तर, जिगर मुरादाबादी की रूमानी और दर्द भरी ग़ज़लों को अपनी आवाज़ दी। 'उल्टी हो गईं सब तदबीरें', 'दिल की बात कही नहीं जाती' (मीर तक़ी मीर), 'वो जो हम में तुम में क़रार था, तुम्हें याद...' (मोमिन खान 'मोमिन'), 'ज़िक्र उस परीवश का और फ़िर....', 'वो न थी हमारी किस्मत..' (मिर्ज़ा ग़ालिब), 'कभी ए हक़ीक़त मुंतज़र नज़र आ लिबासे मजाज़ में' (इक़बाल) 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', 'मेरे हमनफ़स, मेरे हमनवा..', 'आंखों से दूर सुबह के तारे चले गए..' (शकील बदायुनी), 'दीवाना बन जाना..' (ख़ुमार बाराबंकवी), 'आये कुछ अब्र कुछ शराब आए...' (फ़ैज़ अहमद फ़ैज़), 'कोई ये कह दे गुलशन-गुलशन, लाख बलाएं... (जिगर मुरादाबादी), 'इतना तो ज़िंदगी में किसी की ख़लल पड़े..' (कैफ़ी आज़मी), 'कुछ तो दुनिया की इनायत ने दिल तोड़ दिया' (सुदर्शन फ़ाकिर), 'दीवाना बनाना है, तो दीवाना बना दे..' (बहजाद लख़नवी) बेगम अख़्तर द्वारा गायी, वे ग़ज़लें हैं, जो उन्हीं के नाम और गायन से जानी जाती हैं। जिसमें भी उनकी ये ग़ज़ल 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', उस ज़माने में नेशनल ऐन्थम की तरह मशहूर हुई। वे जहां जातीं, सामयीन उनसे इस ग़ज़ल की फ़रमाइश ज़रूर करते। इस ग़ज़ल के बिना उनकी कोई भी महफ़िल अधूरी रहती। 'दीवाना बनाना है, तो दीवाना बना दे..' भी बेगम अख़्तर की सिग्नेचर ग़ज़ल है।

बेगम अख़्तर की आवाज़ में पुरबिया, अवधी और भोजपुरी बोलियों की मिठास थी। उन्होंने ग़ज़ल के अलावा लोक संगीत को भी अपनी आवाज़ दी। उनकी गायी हुई ठुमरी, दादरा, कजरी और चैती का भी कोई जवाब नहीं। उन्होंने शास्त्रीय बन्दिशें भी ग़ज़ब गाई हैं। अपनी ठुमरियों में वे पूरब और पंजाबी शैलियों का सुंदर मेल करती थीं। मिसाल के तौर पर उनकी कुछ उप शास्त्रीय बंदिशें जो उस समय ख़ूब मशहूर हुईं, वे इस तरह से हैं-'हमरी अटरिया पे आओ संवरिया..', 'कोयलिया मत कर पुकार करेजवा लागे....', 'छा रही काली घटा जिया मेरा लहराये', 'लागी बेरिया पिया के आवन की', 'ज़रा धीरे-से बोलो कोई सुन लेगा', 'पपीहा धीरे-धीरे बोल', 'कौन तरह से तुम खेलत होरी', 'जब से श्याम सिधारे..'। बेगम अख़्तर ज़्यादातर ख़ुद ही अपनी ग़ज़लों और तमाम उप शास्त्रीय गायन की धुन तैयार करती थीं। यही नहीं गायन में वे कहन को ज़रूरी मानती थीं। उनका मानना था, जो भी गाओ खुलकर गाओ। 30 अक्टूबर, 1974 को महफ़िल-ए-ग़ज़ल की ज़ीनत बेगम अख़्तर इस जहान—ए—फ़ानी से हमेशा के लिए रुख़सत हो गईं। अपने इंतकाल से पहले आकाशवाणी के लिए उन्होंने अपनी आख़िरी ग़ज़ल रिकॉर्ड कराई थी। यह कैफ़ी आज़मी का कलाम 'सुना करो मेरी जां, इनसे उनसे अफ़साने..' था। बेगम अख़्तर की मौत के बाद सिद्धेश्वरी देवी, जो उनकी अच्छी साथी और उन्हीं के टक्कर की उप शास्त्रीय गायिका थीं, उन्होंने जज़्बाती होकर कहा था,''अख़्तर गयी, उसके साथ ग़ज़ल गयी, ठुमरी गयी, गायिकी गयी, ग़ज़ल की दुनिया चली गयी।'' बेगम अख्तर के बाद, ग़ज़ल तो आज भी गाई जा रही है, लेकिन उनके जाने के साथ ही ग़ज़ल का वह जुदा अंदाज़ और उसकी शोख़ी भी चली गई।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## नॉलेज कॉर्नर: खोले के हनुमान मंदिर में बना 436 मीटर लंबा रोप-वे

# विश्व का पहला रोप-वे बना 1867 में

इतिहास की जानकारी में पहला रोप—वे 1867 में, हॉलिडी ने हॉलिडी रोपवे का आविष्कार किया, जो पहाड़ी जिलों में अयस्क और अन्य सामग्रियों के परिवहन के लिए उपयोग किया जाने वाला हवाई ट्रामवे का एक रूप था, जिसे उन्होंने कई स्थानों पर सफलतापूर्वक स्थापित किया और बाद में पेटेंट कराया। एंड्रयू स्मिथ अमेरिकी उद्योगपति थे जिनका जन्म इंग्लैण्ड में हुआ था। भारत में पहली सामग्री रोप—वे में से एक अमरकंटक रोपवे था जो चकतीपानी, कोरबा, छत्तीसगढ़ में था, जो दामोदर रोपवेज़ एंड इंफ्रा लिमिटेड (डीआरआईएल) (जिसे पहले इसी नाम से जाना जाता था) द्वारा निर्मित 150 टीपीएच की क्षमता के साथ 16.8 किमी (10.4 मील) लंबा था। (दामोदर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (डीईएल)। इसे निकेक्स, हंगरी के सहयोग से भारत एल्युमीनियम कंपनी (बाल्को) के लिए बनाया गया था।

### अंग्रेस देखने आते थे कैमरा लेकर

हाल ही में बिहार के रोहतास जिले का बैलिया क्वायरी रोप-वे इतिहास के पन्ने में दफन हो गया। है। 21 किलोमीटर लंबे इस रोप-वे की चर्चा पूरे भारत में थी, जिसे देखने के लिए दूर-दराज से लोग आते थे। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि अंग्रेजी शासन के समय ब्रिटेन से भी पर्यटकों का दल रोप-वे देखने आता था। रोप-वे की बनावट व सोन नदी से गुजरने का मंजर को कैद करने के लिए उस समय अंग्रेज कैमरा लेकर आते थे।



रोप-वे पर बैठ सोन नदी को पार करना अपने-आप में रोमांचकारी था। बौलिया चूना पत्थर खदान रोप- वे को लेकर ज्यादा विख्यात था। चुनहट्टा-बोलिया-जपला रोप-वे की लंबाई लगभग 21 किलोमीटर थी, जो बिहार का सबसे लंबा रोप-वे हुआ करता था। रोप-वे निर्माण का कार्य 1916 में शुरू हुआ था और 1919 में बनकर तैयार हो गया था।

### एक नजर

- वर्तमान में राजस्थान में पांच (5) रोप-वे है।
- सुंधा माता जालोर -लंबाई 800 मी.
- मंशापूर्ण करणीमाता उदयपुर – लंबाई 387 मी.
- सावित्री माता पुष्कर – लंबाई 700 मीटर
- सामोद वीर हनुमान मंदिर चौमूं (जयपुर) – 400 मीटर
- खोले के हनुमान मंदिर – (जयपुर) 436 मीटर

### 2006 में बना था सुंधा माता जालोर में पहला रोप- वे

सुंधा(सुंडा) पर्वत भीनमाल (जालौर) जिले में चामुण्डा देवी का प्रसिद्ध मंदिर। जहां राजस्थान का प्रथम रोप वे 20 दिसम्बर 2006 को प्रारंभ किया गया।यह रोप वे सुंधा माता मंदिर के लिए शुरू किया गया है| सुंधा माता का मंदिर लगभग 800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है| सुंधा माता का मंदिर लगभग 900 वर्ष के करीब पुराना है जो ऊंची पहाड़ी पर बसा है इसमें "माँ सुंधा" की मूर्ति स्थापित है। कंटेंट: श्रवण भाटी

## व्यंग्य

# इनकी मानूं या उनकी मानूं...?



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

राजनीतिक समाचारों को पढ़ते और सुनते हुए मैं अजीब धर्मसंकट से घिर जाता हूं। जब मुझे इनकी बात भी सही लगती है और उनकी बात भी सही लगती है, तो आखिर सही क्या है ? इस सवाल के बवाल पर मैं चकरघिन्नी होकर रह जाता हूं। अब क्या करूं, मेरी भी आदत हो गई है कि सोचता क्या हूं, कहता क्या हूं और करता क्या हूं ? इन सब का कहीं कोई ठिकाना नहीं होता। इन कारणों के चलते मेरी मनःस्थिति एक प्रकार से डांवाडोल होकर रह गई है। चूंकि मैं एक आम आदमी हूं, इस कारण राजनेताओं के दांवपेंच की बारीकी को मैं कतई नहीं समझ पाता।

जब कभी चुनावी रणभेरी बज जाया करती है, ढोल पीटा जाता है और उस पर कार्यकर्ता थिरकने लगते हैं, तब मेरे पतझड़ होते जीवन में मानो बहार आ जाती है। क्या तो इस दल वाले और क्या उस दल वाले, दलों के दलदल में कमल सी मुस्कान लिए मेरे सम्मुख बिछ जाया करते हैं। मुझे हथेली पर रखा जाता है - या यूं कहा जाए कि मैं और मेरे जैसे आम लोग ' बाराती ' जैसा आतिथ्य सत्कार प्राप्त करने लग जाते हैं। लेकिन कहते हैं न कि चार दिन की चांदनी और फिर अंधेरी रात। जैसे ही चुनावी बेला का समापन होता है, तत्काल प्रभाव से जनसेवक जनशोषक बन जाते हैं। वादे, इरादे और आश्वासन ' हवा हवाई ' हो जाते हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि चुनावी बेला क्या आई थी सुनहरे सपने में हम आनंद लूट रहे थे। जब तक हमारी आंख खुलती - बहुत देर हो चुकी होती थी। जैसे-तैसे साल-दर-साल बीतते और फिर चुनावी बेला आ जाती। हवा में उड़ने वाले धरा पर दिखाई देने लगते। हमारी कमजोर नस पर हाथ रखते हुए फिर हमें बाराती बनाते और फिर लात मार देते। यह सिलसिला अनवरत रूप से ' पंचवर्षीय योजना ' की भांति चलता ही रहा आया था। देखते-देखते चाहे लोकतंत्र परिपक्व होता रहा हो, लेकिन हमारी तो उम्र ही ढ़हने लगी और हमारे पैर कब्र में लटकने को आतुर हो गए। तब कहीं जाकर इनकी और उनकी असलियत हमारे सामने आ सकी।

लेकिन हमारे हाथ पल्ले कुछ भी हासिल न हो सका। आज हम देखते हैं कि राजनीति के मैदान में नवांकुरों के लिए अलग-अलग प्रकोष्ठ बना दिए गए हैं। हर दूसरे तीसरे को किसी न किसी प्रकोष्ठ का झुनझुना पकड़ा दिया जाता है। खैर, अब हम जानते हैं कि राजनीति की हकीकत क्या है ? लेकिन हमारे जानने से क्या होता है - दरअसल हमारे तो जाने के दिन आ गए हैं। चाहे हमारी बूढ़ी आंखों ने जमाना देखा हो, लेकिन हम चाह कर भी अब उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। हमारे बाद की पीढ़ी के लोग भी इस स्थिति से गुजरेंगे। जैसे हम छले गए, वे भी छले जाएंगे।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
जनता की मांग एवं उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा के अनुसार राजस्थान में तीन नए जिले और बनाए जाएंगे- मालपुरा, सुजानगढ़, कुचामन सिटी, अब 53 जिलों का होगा राजस्थान।



**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान
@VasundharaBJP
सच कहूं तो आपका यह प्यार और आशीर्वाद ही मेरी वह निधि है, जिसको पाने के लिए मैंने मेरा जीवन समर्पित किया है।



**गजेन्द्र सिंह शेखावत,** सांसद
@GajendraSinghShekhawat
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के कुशल नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, रेलवे और उद्योग आदि के क्षेत्र में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
चाहे आप पुरुष हों, महिला हों, जानवर हों या चींटी हों - जीवन का स्रोत आपके भीतर है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
जिंदगी खूबसूरत नहीं है; हमें इसे सुंदर बनाने के लिए चयन करना होगा, कुछ चुनौतियाँ हमारे संभालने की क्षमता में हो सकती हैं।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
पीड़ा सारी मिट गई लिया जो प्रभु का नाम, बड़ी कृपा है आपकी रघुनन्दन श्रीराम।



**सोनू सूद,** बॉलीवुड अभिनेता
@SonuSood
सुरक्षित गाड़ी चलाएं, हेलमेट पहनें।




## कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का छत्तीसगढ़ दौरा, पंचायती राज महासम्मेलन में हुईं शामिल

# राज्य में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनी तो होगी जाति जनगणना

एजेंसी | कांकेर

कांग्रेस के छत्तीसगढ़ में चुनाव अभियान को गति देते हुए पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कांकेर जिले में नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में घोषणा की कि यदि पार्टी अगामी विधानसभा चुनावों में राज्य में फिर सत्ता में आती है तो बिहार की तरह छत्तीसगढ़ में जातीय जनगणना कराएगी। जिससे एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग के लोगों को जनगणना के आधार पर लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के 10 लाख गरीब परिवारों को पक्का मकान दिए जाने की भी घोषणा की। प्रियंका गांधी ने जिले के गोविंदपुर स्थित खेल मैदान में उन्होंने सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लिया और लगभग 866 करोड़ रुपए के 518 सार्वजनिक विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कई कैबिनेट मंत्री भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि भाजपा के शासन काल में यहां हिंसा, भय और उत्पीड़न का माहौल था। कांग्रेस ने परिश्रम करके छत्तीसगढ़ को इस माहौल से निकाला। मनरेगा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आप भाग्यशाली हैं, कि यहां कांग्रेस की सरकार है। राज्य में इस पर कोई रोक नहीं है। यहां विकास हो रहा है। यहां का किसान खुश है, बाकि के राज्यों में ऐसा नहीं है।



### बघेल सरकार ने लाखों लोगों को दिया रोजगार

प्रियंका ने कहा कि वर्तमान में कांग्रेस सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है और अपने विभिन्न योजनाओं से लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रही है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है। यही नहीं किसान और गरीब वर्ग के लोगों का आर्थिक विकास कांग्रेस सरकार ने किया है। आने वाले चुनाव में भी दोबारा राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और सरकार बनते ही दोनों घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा प्रियंका गांधी ने हाल ही में पीएम के जगदलपुर के दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि पीएम मोदी बस्तर वासियों से लोक लुभावने वादे करके और खोखली गारंटी देकर चले गए।

### कांग्रेस की विरासत को आगे बढ़ा रही है बघेल सरकार

प्रियंका ने कहा कि भरोसे को बनाने में समय लगता है। सरकार के साथ अनुभव से भरोसा बनता है। ये अनुभव निष्ठा से बनता है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर आपका भरोसा इसलिए आया है, क्योंकि ये सरकार कांग्रेस की विरासत को आगे बढ़ा रही है। कांग्रेस के जितने भी नेता रहे सबका यही प्रयास रहा कि आपकी समस्याओं को गहराई से समझा, इसीलिए आपका भरोसा बना है। उन्होंने कहा कि जब मेरी दादी यहां आई थी, तो उन्होंने स्वामी आत्मानंद जी से कहा था कि हम यहां का विकास कराएंगे। आज उसी बात को भूपेश बघेल सरकार आगे बढ़ा रही है।

### केंद्र सरकार पर साधा निशाना

प्रियंका ने जनसभा से केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश भर में किसानों को मजबूत करने के बजाय उनकी कमर तोड़ी जा रही है। आपकी संपत्ति छीनकर अमीर उद्योगपतियों को दी जा रही है। भाजपा की सरकार अमीरों के लिए चलती है। भाजपा सरकार आपका ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम जब आते हैं तो कहते हैं कि हम धान खरीद पर सबसे ज्यादा दाम दे रहे हैं। अगर ऐसा है तो वह बताएं कि बनारस में कितना दाम है? अगर वही ऐसा कर रहे हैं तो सच जनता को बताएं। जगह-जगह जाकर पीएम मोदी कहते हैं मोदी की गारंटी है। लेकिन हमारे खाते तो अभी भी खाली हैं। कहां गई आपकी गारंटी, आपने कहा था बेरोजगारी हटाएंगे, कहां गई आपकी गारंटी। मोदी की गारंटी चाइना के खिलोने जैसी है।

### जनता नहीं करेगी वंशवादी पार्टियों का समर्थन



**हैदराबाद।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तेलंगाना की केसीआर सरकार शुक्रवार को पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारे देश की जनता कभी भी वंशवादी पार्टियों का समर्थन नहीं करेगी। भारत का लोकतंत्र किसी परिवार विशेष का अधीन नहीं हो सकता है। नड्डा तेलंगाना प्रदेश भाजपा की राज्य परिषद की मेडचल-मलकाजीगिरी जिले में आयोजित बैठक के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा,हमारे कार्यकर्ता क्षेत्रीय और राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान प्रदान करने में सक्षम होने के साथ-साथ देश की प्रगति के प्रति उत्साहित हैं। आज बीजेपी अपने वास्तविक स्वरूप में एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है।

### छत्तीसगढ़ में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी आप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने कहा है कि पार्टी प्रदेश में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं होगा। छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश सरकार चोर दरवाजे से जनता के बीच भ्रम फैला रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के सवाल पर कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पार्टी कांग्रेस का समर्थन नहीं करेगी। हम छत्तीसगढ़ के साथ-साथ मध्य प्रदेश और राजस्थान में मजबूती से अकेले चुनाव लड़ रहे हैं।

## चुनाव के पहले की घोषणाओं पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# राजस्थान, मध्य प्रदेश, केंद्र व चुनाव आयोग को नोटिस जारी

एजेंसी | नई दिल्ली

विधानसभा चुनावों से ठीक पहले मुफ्त की रेवड़ी बांटने जैसी घोषणाओं और योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इसके खिलाफ हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में एक पीआईएल दायर किया गया था, जिसमें आरोप लगाया है कि करदाताओं के पैसे पर नकदी और अन्य मुफ्त के सामानों और सुविधाओं का वितरण किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर संज्ञान लेते नोटिस जारी किया है। साथ ही 4 सप्ताह के भीतर जवाब भी मांगा है। याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनावी लाभ के लिए बनाई जा रही योजनाओं से आखिरकार आम लोगों पर ही बोझ पड़ता है। मुफ्त की घोषणाओं पर पहले से लंबित याचिका के साथ इस मामले को भी जोड़ा गया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान कहा कि चुनाव से पहले सभी तरह के वादे किए जाते हैं। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यहां सिर्फ वादों की बात नहीं हो रही है। इसकी वजह से नेट वर्थ निगेटिव हो रहा है। सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह भी कहा कि इस मामले को भी मुफ्त के वादों पर पहले से लंबित याचिका के साथ सुना जाएगा। राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव जीतने के लिए की जाने वाली मुफ्त की घोषणाओं के खिलाफ वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका पहले से लंबित है। नई याचिका मध्य प्रदेश के रहने वाले भट्टूलाल जैन ने दाखिल की है। उनका कहना है कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री एक के बाद एक घोषणाएं करते जा रहे हैं। इनसे सरकारी खजाने पर हजारों करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। चुनावी लाभ के लिए बनाई जा रही योजनाओं का खर्च का भार आखिरकार आम लोगों को ही उठाना पड़ता है। याचिकाकर्ता ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्री कार्यालय को भी पक्ष बनाया था। लेकिन कोर्ट ने उन्हें पक्षकारों की सूची से हटाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि नोटिस राज्य सरकार को भेजा जाना चाहिए, न कि मुख्यमंत्री को। इसके साथ ही कोर्ट ने रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी करने से मना कर दिया।

■ चार सप्ताह में मांगा जवाब



### सुनवाई के दौरान यह पूछा सीजेआई ने

सीजेआई ने कहा कि आप यहां पर क्यों आए हैं? क्या आपकी हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो रही थी? याचिकाकर्ता के वकील ने इस पर कहा कि राजस्थान समेत दो राज्य ऐसे हैं, जहां पर फ्रीबीज के मामले सामने आए हैं। इस पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने पूछा कि आप मध्य प्रदेश को लेकर चिंतित हैं? सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सार्वजनिक हित क्या है और क्या नहीं, इसके बीच एक रेखा खींचने की जरूरत है। सरकार को कैश बांटने की इजाजत देने से ज्यादा क्रूर कुछ भी नहीं है। चुनाव से ठीक छह महीने पहले ये सब शुरू हो जाता है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आखिरकार इसका बोझ टैक्स देने वाली जनता को उठाना पड़ता है। मामले पर सुनवाई करने के बाद सीजेआई चंद्रचूड़ ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, मध्य प्रदेश और राजस्थान को नोटिस जारी किया। उनसे इस नोटिस का जवाब चार हफ्तों में मांगा गया है। उन्हें अपने वकील के साथ आने को भी कहा गया है।

## पांच राज्यों के पर्यवेक्षकों के साथ बैठक

# हिंसा व धन बल मुक्त चुनाव कराने का आयोग का निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

इस साल के आखिर में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को इन राज्यों के लिए अपने पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की और विभिन्न मसलों पर विचार विमर्श किया। बैठक के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव हिंसा और धन-बल के खतरे से मुक्त हों। निर्वाचन आयोग अगले कुछ दिनों में पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है।

चुनाव आयोग के पुलिस, सामान्य और व्यय पर्यवेक्षकों की इस बैठक का उद्देश्य आदर्श आचार संहिता प्रभावी ढंग से लागू हो तथा धन और बाहुबल पर लगाम कसी जा सके। चुनाव आयोग अब तक राजस्थान, मिजोरम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव तैयारियों का जायजा ले चुका है। वहीं आयोग की एक टीम तेलंगाना की यात्रा पर है।



### कहां किसकी सरकार?

मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है. वहीं छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं और राजस्थान की कमान अशोक गहलोत के पास है। इसके अलावा तेलंगाना में केसीआर के नेतृत्व में भारत राष्ट्र समिति की सरकार है। मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। इन पांच राज्यों के चुनाव को काफी अहम माना जा रहा क्योंकि इसके बाद अगले साल लोकसभा चुनाव है।

## चुनाव आयोग ने सुनी राकांपा के दोनों पक्षों की दलील

# अजित गुट पर फर्जी दस्तावेज पेश करने का आरोप

एजेंसी | मुंबई

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह पर अपने दावों को लेकर शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के दोनों पक्षों को सुना। सुनवाई के दौरान राकांपा के संस्थापक शरद पवार मौजूद थे।अजित पवार की ओर से उनके वकील मौजूद थे। आयोग ने 9 अक्टूबर को कार्यवाही जारी रखने का फैसला किया। सुनवाई के दौरान शरद पवार की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी आयोग के सामने पेश हुए। सिंघवी ने सुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत में अजित पवार गुट पर गलत और फर्जी दस्तावेज देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अगर कोई गलत दस्तावेज देता है तो उसको माना नहीं जा सकता। एक पार्टी को गलत कागज के जरिए तोड़ने की कोशिश की गई। अजीत पवार गुट ने शुक्रवार को चुनाव पैनल के सामने अपने दावे के समर्थन में अपनी दलीलें पेश की। अजित पवार गुट की दलीलें सोमवार को भी जारी रहने की उम्मीद है।





ज्ञात है कि इसी साल जुलाई की शुरुआत में महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के लिए चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत करने से दो दिन पहले अजित पवार ने 30 जून को निर्वाचन आयोग से संपर्क किया था। उन्होंने पार्टी के नाम के साथ-साथ चुनाव चिह्न पर भी दावा किया था। उन्होंने 40 विधायकों के समर्थन के साथ खुद को पार्टी अध्यक्ष भी घोषित कर दिया था।

हालांकि, हाल ही में शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने निर्वाचन आयोग को बताया था कि पार्टी में कोई विवाद नहीं है, लेकिन कुछ लोग व्यक्तिगत लाभ और महत्वाकांक्षाओं के लिए संगठन से अलग हो गए हैं।

## विपक्षी गठबंधन की आगामी बैठक जल्द

# पवार की खरगे व राहुल से मंत्रणा

एजेंसी | नई दिल्ली

विपक्षी इंडिया' गठबंधन में शामिल राकांपा प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, तीनों नेताओं ने मौजूदा राजनीतिक स्थिति और गठबंधन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। जल्द दी विपक्ष गठबंधन की एक और बैठक होने की संभावना है। इसी साल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं तथा अगले साल लोकसभा चुनाव हैं। इस मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक्स पर कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, देश की जनता की आवाज और बुलंद करने के लिए शुक्रवार को राहुल गांधी के साथ राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से भेंट हुई। हम हर चुनौती के लिए तैयार हैं। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया।



### एमवीए की समन्वय समिति का गठन

महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में सीट बंटवारे पर चर्चा करने के लिए नौ सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया है। समित में प्रत्येक घटक शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा के शरद पवार गुट के तीन-तीन नेता शामिल हैं। बता दें कि महाराष्ट्र में उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा की सबसे ज्यादा सीटें हैं। उत्तर प्रदेश में 80 और महाराष्ट्र में 48 सीटें हैं।

**मध्य प्रदेश की चुनावी डायरी**

# पीएम मोदी के दौरे से भाजपा ने महाकौशल में साधे सियासी समीकरण

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश में अगामी विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के दौरे तेज होने के साथ ही सियासी वार पलटवार भी तेज हो गए हैं। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मध्य प्रदेश के दौर पर थे। प्रधानमंत्री मोदी ने जबलपुर का दौरा कर राज्य के महाकौशल अंचल के सियासी समीकरणों को साधा। महाकौशल अंचल में 38 सीटें हैं। इनमें से भाजपा के पास अभी 13 सीटें हैं, जबकि कांग्रेस के पास 24 सीट हैं। एक सीट निर्दलीय के पास है। 2013 के परिणाम इसके ठीक विपरीत थे। कांग्रेस के पास 13 सीटें थीं जबकि भाजपा 24 पर जीती थी। एक सीट तब भी निर्दलीय थी। इसलिए भाजपा महाकौशल अंचल के समीकरण साधने पर खास ध्यान दे रही है। महाकौशल में अधिकांश सीटों पर आदिवासी बाहुल्य वोट बैंक है। पीएम मोदी के दौरे से भाजपा ने उसे भी साधने का प्रयास किया है। दरअसल, राज्य में सत्ता में वापसी के लिए महाकौशल की 38 सीटें भाजपा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में भाजपा इस बार महाकौशल में कोई कमी नहीं रखना चाहती है। उसका लक्ष्य है कि महाकौशल से अधिक से अधिक सीटें हासिल की जा सकें। इसके पीएम मोदी ने जनसभा के साथ रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर उनके भव्य स्मारक समेत विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया है। दूसरी ओर, प्रियंका गांधी ने धार में सभा कर मालवा अंचल में कांग्रेस की स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया।



### महाकौशल में शामिल जिले

- जबलपुर, छिंदवाड़ा, कटनी, सिवनी, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट

### कुल सीटें -38

- 2018 के चुनाव नतीजे
- भाजपा--13
- कांग्रेस 24
- निर्दलीय-1

### ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछड़े वर्ग के सवाल पर कांग्रेस को घेरा



पीएम मोदी और प्रियंका गांधी के बाद शुक्रवार को राज्य में सियासी बयानों को लेकर घमासान मचा रहा। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के एक बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस ने अपने 65 साल के शासन में पिछड़ा वर्ग के लिए क्या किया। सिंधिया ने कहा कि अगर किसी ने अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लिए कार्य किया है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उनके मंत्रिमंडल के 60 प्रतिशत सदस्य पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग से हैं। सिंधिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पूछा कि इस पार्टी ने पिछड़ों के लिए क्या किया है।

### शिवराज सिंह चौहान का कमलनाथ पर मध्यप्रदेश का अपमान करने का आरोप



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश में एक तरफ विकास की गंगा बह रही है, जनकल्याण का महायज्ञ चल रहा है, तो दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ मध्य प्रदेश को चौपट प्रदेश कहकर लगातार उसका अपमान कर रहे हैं। चौहान ने शुक्रवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विकास, विकास और विकास ही मध्य प्रदेश में भाजपा का लक्ष्य है। पहले हम बीमारु राज्य कहलाते थे, उस समय प्रदेश में कांग्रेस की कांग्रेस हुआ करती थी। जबिक आज हम विकसित राज्यों में शामिल हो गए हैं। आंकड़े इस बात के गवाह हैं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की राज्य के धार जिले में जनसभा थी। इसी सभा में कमलनाथ ने शिवराज सिंह चौहान सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए और कहा था कि मध्य प्रदेश आज चौपट प्रदेश है।

## जरूरी खबर

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई 12 को



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज मामलों में मनीष सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी से कई कड़े सवाल किए। लंबी दलीलों के बाद मामले की सुनवाई 12 अक्टूबर तक टाल दी गई। दरअसल, मनीष सिसोदिया ने दो याचिकाएं दाखिल की है, जिनमें दिल्ली हाईकोर्ट के जमानत ना देने के फैसले को चुनौती दी गई है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मनीष सिसोदिया की ओर से पक्ष रखा। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं और इनसे साबित नहीं होता कि याचिकाकर्ता का इस धांधली से कोई संबंध है। आरोपी विजय नायर याचिकाकर्ता का सहयोगी नहीं है।

### तारा शाहदेव के मामले में तीन आरोपियों को सजा

**रांची।** रांची सीबीआई विशेष कोर्ट ने गुरुवार को नेशनल शूटर तारा शाहदेव के केस में लव जिहाद एवं प्रताड़ित करने के आरोप में तीनों दोषियों रंजीत कोहली उर्फ रकिबुल हसन, हाईकोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) मुश्ताक अहमद, और रकिबुल हसन की मां कौसर रानी को सजा सुनाई है। रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली को आजीवन कारावास, मुश्ताक अहमद को 15 साल का सश्रम कारावास और कौसर रानी को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 2014 में रांची के हिंदपीढ़ी थाना में तारा शाहदेव ने खुद को हिंदू बताकर धोखा से शादी करने और बाद में जबरन धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कबूलने का दबाव बनाने और मारपीट करने के आरोप में रंजीत कोहली, कौसर रानी और मुश्ताक अहमद पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### विक्रम व प्रज्ञान के सक्रिय होने की उम्मीद नहीं

**बेंगलुरु।** इसरो के पूर्व अध्यक्ष एएस किरण ने दावा किया कि विक्रम लैंडर और रोवर प्रज्ञान के अब दोबारा सक्रिय होने की कोई उम्मीद नहीं है पिछले दिनों इसरो ने चांद पर भेजे अपने लैंडर और रोवर से संपर्क साधने की कोशिश की थी। चंद्रयान-3 मिशन से जुड़े रहे पूर्व इसरो चीफ ने कहा, इन्हें सक्रिय होना होता तो अब तक हो चुके होते। चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के एक महीने बाद 22 सितंबर को चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर से संपर्क साधन की कोशिश की, लेकिन उन्हें अभी तक कोई भी संकेत नहीं मिले हैं।

## ग्लोबल मेडटेक शिखर सम्मेलन



*नई दिल्ली। विज्ञान और प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित 15वें ग्लोबल मेडटेक शिखर सम्मेलन 2023 को संबोधित करते हुए। सिंह ने कहा क भारत में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के 2025 तक बढ़कर 50 अरब डॉलर के आकार तक पहुंचने की उम्मीद है।*

### उच्च स्तरीय बैठक में बोले गृह मंत्री अमित शाह

# दो साल में पूरी तरह से खत्म हो जाएगा वामपंथी उग्रवाद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को इस बात पर जोर देते हुए कहा कि अगले दो सालों के भीतर देश से वामपंथी उग्रवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा। नक्सलवाद मानवता के लिए अभिशाप है और हम इसे इसके सभी रूपों में उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 4 दशकों में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सबसे कम हिंसा और मौतें 2022 में रिकॉर्ड की गई हैं। शाह ने शुक्रवार को वामपंथी उग्रवाद को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।




राजधानी के विज्ञान भवन में हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, अश्विनी चौबे, अर्जुन मुंडा के अलावा गृह सचिव अजय भाला, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और एनआईए, एसएसबी, बीएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ और एनएसजी के महानिदेशकों के साथ-साथ नक्सल प्रभावित राज्यों के गृह सचिव और मुख्य सचिव भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने कहा कि नक्सल प्रभावित राज्यों में हिंसक घटनाओं में 2010 की तुलना में 2022 में 77 फीसदी की कमी आई है। अधिकारियों ने कहा कि पिछले 5 सालों में देश में वामपंथी सुरक्षा स्थिति में खास सुधार हुआ है। समीक्षा बैठक में महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस, आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी अपने-अपने विधायकों के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में देश में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित सुरक्षा स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। केंद्र सरकार ने 2015 में वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना' को मंजूरी दी थी। अधिकारियों ने कहा कि नीति में एक बहु-आयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है जिसमें सुरक्षा संबंधी उपाय, विकास संबंधी कामकाज, स्थानीय समुदायों के अधिकार और हकदारी सुनिश्चित करना आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस नीति के लगातार कार्यान्वयन के चलते देश भर में वामपंथी उग्रवाद की हिंसा में लगातार कमी आई है।

#### मौतों की संख्या में 90 प्रतिशत की कमी आई

साल 2010 की तुलना में 2022 में सुरक्षा बलों और नागरिकों की मौतों की संख्या में भी 90 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2004 से 2014 तक, वामपंथी उग्रवाद से संबंधित 17,679 घटनाएं हुईं और 6,984 मौतें हुईं। इसके विपरीत, 2014 से 2023 तक (15 जून 23 तक) वामपंथी उग्रवाद से संबंधित 7,649 घटनाएं हुई हैं और 2,020 मौतें हुई हैं।

## मणिपुर में 5 दिन के लिए बढ़ाया इंटरनेट पर बैन

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर में हिंसा की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने राज्य में इंटरनेट पर प्रतिबंध की अवधि पांच और दिनों के लिए बढ़ा दी है।

राज्य के गृह विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी एक आदेश नें यह बात कही गई है। आदेश में कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाओं को भड़काने वाली तस्वीरें, नफरत भरे भाषण और नफरत भरे वीडियो संदेशों के प्रसारण के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसके मणिपुर में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

आदेश में कहा गया यह यह निलंबन आदेश 11 अक्टूबर की शाम 7:45 बजे तक लागू रहेगा।

### सोशल मीडिया मंच एक्स, यूट्यूब व टेलीग्राम को नोटिस

## बाल यौन शोषण से जुड़े कंटेंट हटाएं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बाल यौन शोषण से जुड़े कंटेंट को लेकर बड़ी कार्रवाई की।

सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पहले ट्विटर), यूट्यूब और टेलीग्राम को देश में अपने प्लेटफॉर्म से बाल यौन शोषण संबंधी कंटेंट हटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, सोशल मीडिया कंपनियां तुरंत कार्रवाई नहीं करती हैं तो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत उनका संरक्षण वापस ले लिया जाएगा। इसका अर्थ है कि इन मंचों के खिलाफ लागू होने वाले कानून और नियमों के तहत सीधे मुकदमा चलाया जा सकता है, भले ही कंटेंट उन्होंने अपलोड किया या हो नहीं।

#### चंद्रशेखर ने यह कहा

राजीव चंद्रशेखर चंद्रशेखर ने कहा, हमने एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस भेजे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके मंचों पर कोई भी बाल यौन शोषण सामग्री न हो। सरकार सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत एक सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सिक्किम: 100 से अधिक लोग लापता

## 7 जवानों के शव मिले, फंसे लोगों को निकालने के प्रयास

**एजेंसी** | गंगटोक

सिक्किम में आई बाढ़ में सात सैनिकों सहित कम से कम 40 लोगों की जान जा चुकी हैं। इस बाढ़ में भारतीय सेना के 23 जवान भी लापता हुए थे। सात जवानों के शव बरामद होने की खबर है। फिलहाल 15 जवानों की तलाश जारी है। 100 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। बाढ़ में फंसे हजारों लोगों को अब सेना ने हेलिकॉप्टर की मदद से बचाने की योजना बनाई है। सेना उत्तरी सिक्किम में फंसे नागरिकों और पर्यटकों को भोजन, चिकित्सा सहायता और संचार सुविधा प्रदान कर रही है। बाढ़ के बाद सड़कें और अन्य जगह पर गाद भर गए हैं। उनको भी साफ करने का काम जारी है। बाढ़ के बढ़ते प्रकोप के चलते सिक्किम सरकार ने एक और ग्लेशियल लेक के फटने को लेकर चेतावनी जारी की है। साथ ही सिक्किम घूमने आने वाले पर्यटकों को लेकर भी खास एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने टूरिस्ट से आग्रह किया है कि वो हो सके तो अपनी यात्रा की योजना को कुछ समय बाद बनाएं।

#### बाढ़ में करीब 3,150 बाइकर्स भी फंसे

सिक्किम के मुख्य सचिव विजय भूषण पाठक का कहना है कि लाचेन और लाचुंग में करीब 3,000 से ज्यादा लोग फंसे हुए हैं। पाठक का कहना है कि सेना व वायुसेना हेलिकॉप्टरों की मदद से सभी को निकालने का प्रयास कर रही है।

## रेड्डी की वित्त मंत्री से भेंट



*नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस.जगन मोहन रेड्डी ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।*

### राजनयिकों की वापसी के लिए 10 अक्टूबर तय है समय सीमा

# कनाडा ने भारत से अपने राजनयिकों को मलेशिया या सिंगापुर भेजा!

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ओटावा

भारत और कनाडा के बीच खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर पैदा हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारत के सख्त रुख के बाद आखिरकार अब कनाडा अपने 41 राजनयिकों को हटाने जा रहा है।

भारत ने इन राजनयिकों के लिए वापस बुलाने के लिए 10 अक्टूबर तक की समय सीमा तय की है और साफ कह दिया है कि इसके बाद इन राजनयिकों को राजनयिक छूट नहीं दी जाएगी। खबर है कि कनाडा अब अपने ऐसे राजनयिकों को मलेशिया या सिंगापुर ले जा रहा है जो नई दिल्ली के बाहर तैनात हैं। कनाडा के निजी स्वामित्व वाले टेलीविजन नेटवर्क सीटीवी न्यूज की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। ज्ञात है कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संलिप्तता के आरोपों को नई दिल्ली ने 'बेतुका' बताते हुए खारिज कर दिया था और कनाडा के एक शीर्ष राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। सीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक 41 राजनयिकों में से ज्यादातर को या तो सिंगापुर या फिर मलेशिया भेजा जा चुका है। इसके पहले कनाडा के राजनयिक और कांसुलर संबंधों का प्रबंधन करने वाले विभाग ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने पहले कहा था कि उनके कुछ राजनयिकों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर धमकियां मिली हैं।




फाइल फोटो

#### कनाडा का अनुरोध नहीं आया काम

कनाडा के मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार कनाडा में जितने भारत के राजनयिक हैं, उतने ही अब ट्रूडो सरकार को भारत में भी अपने राजनयिक रखने होंगे। इससे पहले कनाडा की विदेश मंत्री ने भारत से 'प्राइवेट बातचीत' की गुहार लगाई थी, लेकिन भारत ने दो टूक बता दिया कि इन राजनयिकों को जाना ही होगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार कहा था कि कनाडा के साथ राजनयिकों के भारत छोड़ने की समयसीमा के बारे में बातचीत की जा रही है। भारत चाहता है कि राजनयिकों की मौजूदगी पर दोनों देशों में समानता आए। इससे पहले कनाडा की विदेश मंत्री मेलानिए जोली ने कहा था कि कनाडा भारत के साथ विवाद को बढ़ाना नहीं चाहता है। उन्होंने यह भी कहा था कि यह कनाडा के लिए बहुत ही ज्यादा चुनौतीपूर्ण समय है। कनाडाई मंत्री ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि कनाडा के राजनयिक वहां मौजूद रहें और भारत के साथ काम करते रहें। उन्होंने कहा कि ये राजनयिक भारत में कनाडा के लोगों और उनके परिवार की मदद के लिए हैं। हम इसे बहुत ही गंभीरता से ले रहे हैं।

#### अब कनाडा पर दबाव और बढ़ने के आसार

पूर्व राजनयिक केपी फैबियन ने कनाडाई राजनयिकों को भारत से निकाले जाने पर कहा इसका सीधा मतलब यही है कि कनाडा की तरफ से एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित करने के बदले अब भारत 41 राजनयिकों को निष्कासित कर रहा है। इससे कनाडा पर दबाव बढ़ेगा। वहीं, कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली की तरफ से निजी बातचीत के अनुरोध को लेकर उन्होंने कहा कि राजनयिक बातचीत हमेशा ही निजी और गोपनीय होती है। यहां निजी बातचीत का मतलब आपस में सीधे बात करने से है। क्योंकि, फिलहाल दोनों देशों के बीच मीडिया जरिये बातें हो रही हैं।

#### कनाडा को हर साल 14.6 बिलियन डॉलर का झटका लगने का खतरा

भारत के साथ विवाद के बीच कनाडा को हर साल 14.6 बिलियन डॉलर गंवाने की चिंता सता रही है। कनाडाई यूनिवर्सिटीज और कॉलेज एक और सेमेस्टर शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच कुछ छात्र अपने पाठ्यक्रमों में देरी करने पर विचार कर रहे हैं। भारत कनाडा के वैश्विक छात्रों का अब तक का सबसे बड़ा स्रोत है, जो अध्ययन परमिट धारकों का लगभग 40 प्रतिशत है। अंतरराष्ट्रीय छात्र हर साल कनाडा की अर्थव्यवस्था में 14.6 बिलियन डालर से अधिक का योगदान देते हैं। एक अनुमान के अनुसार, 100,000 से अधिक छात्र अंग्रेजी भाषा दक्षता परीक्षा की तैयारी कर रहे थे और अगले साल कनाडा में अध्ययन करने के लिए वित्तपोषण की व्यवस्था कर रहे थे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार टोरंटो विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट जोसेफ वोंग ने कहा, हमने भारत में विभिन्न साझेदारों से भी संपर्क किया है और हम सहयोग जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### जीतो कनेक्ट-2023 के पहले दिन कुमार विश्वास ने किए कटाक्ष

# एंटरप्रेन्योर और स्टार्टअप्स ओनर्स की प्रशंसा बिना डवलपमेंट नहीं

**बेधड़क.जयपुर।** आज देश का डेवलपमेंट तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इस देश ने अपने एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर्स की प्रशंसा नहीं की। मेरी नई फिल्म रानीगंज का थीम सॉन्ग जीतो जैसी संस्था के लिए एकदम सटीक बैठता है। मैंने बिना सरकार के सहयोग के कोविड आपदा में अपने कैंपेन के तहत 2700 कोविड-19 केयर सेंटर का निर्माण किया। साथ ही इंटरनेशनल स्कूल का निर्माण कर रहा हूं, जिसमें तीसरी कक्षा से ग्रेजुएशन तक पढ़ाई और भारत की कला और संस्कृति की गहन शिक्षा प्रदान की जाएगी। यह विचार और जानकारी कुमार विश्वास ने साझा की। वे जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के 3 दिवसीय महाकुम्भ जीतो कनेक्ट-2023 के पहले दिन बोल रहे थे। कार्यक्रम के पहले दिन ओपनिंग सेरेमनी के लिए राजस्थान के गवर्नर कलराज मिश्र, आसाम के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया, जल शक्ति मिनिस्टर गजेंद्र सिंह शेखावत और राज्य सभा संसद सदस्य लहर सिंह सिरोया उपस्थित रहे। जीतो जयपुर चैप्टर चेयरपर्सन नितिन जैन, जीतो कनेक्ट कन्वीनर विमल सिंघवी, जीतो अपैक्स प्रेसिडेंट अभय कुमार श्रीमल, जीतो अपैक्स चेयरमैन सुखराज नहर, जीतो जयपुर चैप्टर चीफ सेक्रेटरी राजीव पालावत, को-कन्वीनर सलोनी जैन ने स्वागत किया।


फोटो: पंकज शर्मा

### कुमार विश्वास के कटाक्ष

दिन के पहले सेशन 'फीचरिंग द लिविंग लीजेंड' में डॉ. कुमार विश्वास ने कटाक्ष और करारे भाषण दिए। इस दौरान जयपुराइट्स ने तालियों से उनका समर्थन किया। उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में स्पीच दी।

### 400 रजिस्ट्रेशन

जीतो एपेक्स की डायरेक्टर सुषमा कांकरिया ने बताया कि जीतो मेट्रोमोनी की कमेटी बायोडाटा का गहन विश्लेषण करके उनकी कांउसलिंग कराती है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कमल सेठिया ने बताया कि जयपुर में यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित हो रहा है। 500 युवक-युवतियों के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य रखा गया है। अब तक करीब 400 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।



### 'सॉलमेट कनेक्ट' में देश-विदेश से आए युवा

समाज के युवा बच्चों के विवाह को लेकर जनजाग्रति पैदा करने के लिए से सॉलमेट कनेक्ट भी हुआ। उदघाटन जीतो मेट्रोमोनी चेयरमैन प्रवीण दोगा, जीतो एपेक्स की डायरेक्टर सुषमा कांकरिया व संयोजक डॉ. कमल जैन सेठिया आदि ने किया। दोगा ने बताया कि जैन समाज में योग्य जीवन साथी की तलाश के लिए करीब 10 साल पहले सॉलमेट कनेक्ट की शुरुआत की गई थी। इसके लिए जीतो समय-समय पर देश के विभिन्न शहरों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है। अब तक 9 हजार से भी ज्यादा युवक-युवतियों के बायोडाटा आए हैं। इनमें से सैकड़ों ने जीवन साथी को अपनाया है।

## जेकेजे ग्रुप ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** जेकेजे ग्रुप की ओर से आयोजित एक धार्मिक आयोजन ने रिकॉर्ड कायम कर दिया। इसको गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया। ग्रुप संस्थापक श्याम सुंदर मौसूण के 70वें जन्म दिवस पर एंटरटेनमेंट पैराडाइज में धार्मिक अनुष्ठान किए गए। जहां 1008 पंडितों ने मंत्रोच्चार किया। साथ ही 108000 हनुमान चालीसा पाठ, 1008 सुंदर कांड के पाठ किए गए। ऐसे में सुबह 11 से शाम 7 बजे तक लगातार ग्रुप की 4 पीढ़ियों और करीब 3 हजार से ज्यादा भक्तों ने कार्यक्रम में शिरकत की। ग्रुप के राज कुमार, प्रमोद, राधे श्याम, पुखराज, कैलाश, उपेंद्र, सुनील, अनिल, दीपक, संजय, मनोज, लोकेश ओर चेतन मौसूण ने सहयोग किया।

## शिंजनी नृत्य समारोह आज



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र के रंगायन ऑडिटोरियम में शनिवार को 'शिंजनी नृत्य समारोह'आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश की जानी मानी कथक गुरू लखनऊ घराने की रानी खानम की शिष्या मेहा झा एकल कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम मुद्रा अकादमी ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स के बैनर पर केन्द्र के रंगायन ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे से होगा। इस मौके पर मुद्रा अकादमी के कलाकार नृत्यों की सामूहिक प्रस्तुति भी देंगे। इस मौके पर मेहा झा द्रौपदी चीरहरण व प्रतिज्ञा के भावों को उद्वेलित कर देने वाली सजीव प्रस्तुति से दर्शकों को अवगत कराएंगी।

## साकार होंगे दुर्गा के 9 रूप

**बेधड़क. जयपुर।** डांडिया महारास-2023 का आयोजन 21 से 24 अक्टूबर तक वैशाली नगर गांधी पथ स्थित जानकी पैराडाइज में किया जाएगा। इस बार दशहरा महोत्सव को शामिल करते हुए रावण दहन व कल्चर इवेंट भी होंगे। डांडिया महारास की गरबा और डांडिया वर्कशॉप नटराज लगाई जा रही है। 12 वर्षों से वैशाली नगर में होने वाले आयोजन के दौरान मां दुर्गा के 9 रूपों के महापर्व नवरात्रि फेस्टिवल के तहत डांडिया महारास होगा। महिला शक्ति के सम्मान के साथ ही सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम, भाईचारे को बढ़ावा देने, स्वच्छ जयपुर-स्वस्थ जयपुर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या पूजन व अन्य सोशल संदेश दिए जाएंगे। महारास में इस वर्ष मां दुर्गा का दरबार सजाया जाएगा। साथ ही महिलाओं में फैशन के क्रेज को देखते इस बार से डांडिया क्वीन फैशन कॉन्टेंट्स का आयोजन किया जाएगा। विनर्स महिलाओं को दशहरे पर क्राऊन, ट्रॉफी और गिफ्ट दिए जाएंगे।

# City इवेंट्स

### नशे के दुष्परिणाम बताए



**बेधड़क. जयपुर।** नव विकल्प नशामुक्ति संस्थान में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार की ओर से गांधी जयंती पर जनकल्याण सप्ताह के अंतर्गत जनचेतना दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त निदेशक बीपी चंदेल ने उपस्थित लोगों को विभाग द्वारा समाज कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हरीश भूटानी ने कहा कि आज समाज में नशे की समस्या बढ़ती ही जा रही है। इससे लड़ने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करने होंगे।

### हेल्थ एंड वेलनेस महाकुंभ आज से



**बेधड़क. जयपुर।** हेल्थ एंड वेलनेस का महाकुंभ शनिवार से शुरू होगा। दो दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में दुनिया के बेस्ट एक्सपर्ट से हेल्थ और फिटनेस की जानकारी लेंगे। जवाहर कला केंद्र में एसके फाइनेंस और संस्कृति युवा संस्था की ओर से होने वाले इस फेस्ट के तीसरे संस्करण की शुरुआत सुबह 10 बज से होगी। फेस्ट के सह-संस्थापक मुकेश मिश्रा और नरिशंत शर्मा ने बताया कि उद्घाटन सत्र में कैबिनेट मंत्री बीडी कल्ला, एक्टर अनूप सोनी, राजेंद्र सेतिया, मिकी मेहता, पं. सुरेश मिश्रा, डॉ. सुधीर भंडारी, अमित अग्रवाल, जयश्री पेरीवाल मौजूद रहेंगे।

### हाथी गांव में वाइल्ड लाइफ पर मंथन



**बेधड़क. जयपुर।** वर्ल्ड संगठन, वन विभाग, भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड तथा वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जयपुर स्थित हाथी गांव में पशुचिकित्सकों के लिए विशेष तकनीकी व शैक्षणिक वन्यजीव संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपोलो कॉलेज ऑफ वेटरिनरी मेडिसिन, स्नातकोत्तर पशु चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान संस्थान तथा गुजरात स्थित नवसारी वेटरनरी कॉलेज के 90 से अधिक पशु चिकित्सकों तथा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वन्यजीव विशेषज्ञ व वर्ल्ड संगठन निदेशक मनीष सक्सेना, उप वन-संरक्षक वन्यजीव जयपुर चिड़ियाघर संग्राम सिंह कटियार ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की प्रतिनिधि वैष्णवी एम सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में नम्रता, शिशिर सिन्हा, देवांश सैनी, डॉ. बृजेश कुमार तथा डॉ. सुरेंद्र कुमार ने हिस्सा लिया।

### मांड गायकी की सजी सुरमई शाम

## हारमोनियम, तबला और सारंगी की संगत में राजस्थानी गायन



**बेधड़क | जयपुर**

जेकेके कृष्णायन सभागार में मांड की मधुरता घुल गई। मौका था मांड गायकी कार्यशाला के समापन का। समारोह में कार्यशाला के 45 प्रतिभागियों ने मांड गायक और प्रशिक्षक के साथ मंच साझा किया व हारमोनियम, तबला और सारंगी की संगत के साथ राजस्थानी गीत गाए। सुरीली प्रस्तुति का श्रोताओं ने आनंद लिया।

इस दौरान केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत व बड़ी संख्या में कला प्रेमी मौजूद रहे। पारंपरिक परिधान में युवक-युवतियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

'केसरिया बालम-पधारो म्हारे देस' से प्रस्तुति की शुरुआत हुई। नायक-नायिका के प्रेम भरे संवाद को व्यक्त करने वाले गीत 'बन्ना नथ म्हारी भीजै रे' और विरह के भावों से भरे गीत 'म्हारा सजनिया रे', 'अरे ओळूंडी घणी आवे रे' भी पेश किए गए। मनवार गीत 'बन्ना थानै चांद बींदणी परणावां' समेत कई गीतों से प्रतिभागियों ने महफिल को सजाया। परमेश्वर ने कथक पर संगत की। मांड गायकी को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध नजर आए।

हर गीत के बाद तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। प्रतिभागियों ने कार्यशाला से जुड़े कुछ अनुभव भी साझा किए। गौरतलब है जवाहर कला केन्द्र की ओर से 10 दिवसीय मांड गायन कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

### कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज का मनाया जन्मदिन

## मंदिरों में दर्शन कर की सांगानेर क्षेत्र में खुशहाली की कामना



**बेधड़क | जयपुर**

सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे और प्रदेश कांग्रेस के महासचिव पुष्पेंद्र भारद्वाज का शुक्रवार को जन्मदिन मनाया गया। भारद्वाज ने मोती डूंगरी गणेश जी व गोविंद देव जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और सांगानेर की खुशहाली की मंगलकामना की।

इस मौके पर कांग्रेस के जनसेवा कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 800 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। उसके बाद कांग्रेस के जनसेवा कार्यालय पर सांगानेर विधानसभा के सभी सम्मानित लोगों के लिए स्नेह मिलन एवं सहभोज का आयोजन किया गया। इसमें सांगानेर विधानसभा के विकास समितियों के पदाधिकारी, व्यापार मंडलों के पदाधिकारी, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और लगभग 30,000 आमजनों ने पुष्पेंद्र भारद्वाज को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जनसेवा कार्यालय पर लोग ढोल बजाते नारे लगाते हुए बधाई देने पहुंचे। इस दौरान आरसीए के चेयरमैन वैभव गहलोत, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव, नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी, मानसरोवर ब्लॉक अध्यक्ष रतन लाल सैनी, पार्षद शंकर बाजडोलिया, आशीष परेवा, हरिओम स्वर्णकार, राम सिंह चौधरी, दामोदर मीणा, सुनील सिंघानिया, राकेश जोतड़, अमित सैनी, हेमराज बैरवा आदि ने शुभकामनाएं दीं।

**कार्यशाला** कानोड़िया कॉलेज में हुए विभिन्न आयोजनों में बड़ी संख्या में गर्ल्स को विशेषज्ञों ने किया ट्रेंड

# नाटक की सीखी बारीकियां और कॅरिअर की ली क्लास

**बेधड़क | जयपुर**

कानोड़िया पीजी गर्ल्स कॉलेज के पब्लिक स्पीकिंग व थिएटर क्लब की ओर से 5 दिवसीय नुक्कड़ नाटक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संवाद और थिएटर कला में रुचि रखने वाली छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षक जेनिस हाशमी द्वारा नुक्कड़ नाटक की आधारभूत जानकारी दी गई। नाटक से संबंधित कोरस, व्यायाम, खेल व विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सामाजिक समस्याओं को नाटक में प्रदर्शित किया व समसामयिक प्रश्नों पर नाट्य प्रस्तुति से ध्यान खींचने के लिए विभिन्न तरह की गतिविधियों, नाटक की बारीकियों को सीखा। कार्यशाला में लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर क्लब संयोजक डॉ. प्रीति शर्मा ने संबोधित किया।



### 37 छात्राओं ने लिया प्रशिक्षण

विभिन्न विभागों की कुल 37 छात्राओं ने प्रशिक्षण लिया। समापन सत्र में प्राचार्य डॉ. सीमा ग्रवाल ने सफल समापन के लिए बधाई दी और प्रतिभागियों को कार्यशाला से ली गई शिक्षा को अपने व्यावहारिक जीवन और कॅरियर में लागू करने के लिए प्रेरित किया। उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल ने छात्राओं को कैंपस से कॉर्पोरेट पथ पर काम करने के लिए प्रेरित किया। सेन्टर कन्वीनर डॉ. आंकाक्षा गंडा ने प्राचार्य, प्रबंध समिति, नांदी फाउंडेशन व सेन्टर के सहयोगी सदस्यों का कार्यशाला आयोजन में सहयोग के लिए आभार जताया।

### विभिन्न विषयों पर दिया रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

महाविद्यालय में 'एम्पलॉयबिलिटी एन्हासमेन्ट फॉर यूथ' विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक कनिका मिश्रा द्वारा रोजगारोन्मुखी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया, जिससे छात्राएं आने वाले समय में बेहतर रोजगार के अवसर पा सके।



## सीरिया में मिलिट्री एकेडमी पर भीषण हमला, परेड के दौरान हुआ अटैक

# 100 से ज्यादा लोगों की मौत, 240 घायल



**एजेंसी** | बेरूत

सीरिया के मध्यवर्ती शहर होम्स में वार को सेना के एक 'पासिंग आउट परेड' समारोह के दौरान ड्रोन हमले में 100 से ज्यादा लोग मारे गए तथा 240 घायल हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह हाल के वर्षों में सीरियाई सेना पर सबसे घातक हमलों में से एक था। सीरिया में पिछले तेरह वर्षों से संघर्ष जारी है।

शहर के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुसलेम अल-अतासी ने कहा कि इन हमलों से होम्स में हो रहे समारोह पर असर पड़ा, क्योंकि समारोह समापन की ओर था। उन्होंने बताया कि हताहतों में आम नागरिक और सैन्यकर्मी दोनों शामिल हैं। अल-अतासी ने बताया कि कई घायलों की हालत गंभीर है। सीरिया की सेना ने पहले एक बयान में कहा कि विस्फोटकों से युक्त ड्रोन ने युवा अधिकारियों और उनके परिवारों को निशाना बनाया। हालांकि, अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### तीन दिन तक रहेगा शोक

सेना ने हताहतों की संख्या नहीं बताई है, लेकिन सीरिया के सरकारी टेलीविजन ने कहा कि सरकार ने शुक्रवार से तीन दिन के शोक की घोषणा की है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स, एक विपक्षी युद्ध मॉनिटर और सरकार समर्थक 'शाम एफएम' रेडियो स्टेशन ने सबसे पहले हमलों की सूचना दी थी। सीरियाई सेना ने कहा, 'वह इन आतंकवादी संगठनों को पूरी ताकत और निर्णायकता से जवाब देगी, चाहे वे कहीं भी मौजूद हों।'



### 2011 के बाद से चल रहा है गृह युद्ध

सीरिया का संकट मार्च 2011 में राष्ट्रपति बशर असद की सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ, लेकिन प्रदर्शनकारियों पर सरकार की क्रूर कार्रवाई के बाद जल्द ही यह गृहयुद्ध में बदल गया। ड्रोन हमले के बाद, सीरियाई सरकारी बलों ने विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर-पश्चिम के इदलिब प्रांत के गांवों पर गोलाबारी की। वहां किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है।

## ईरान की ब्रेव महिला नरगिस को सर्वोच्च सम्मान...

# दिया नोबेल शांति पुरस्कार

**एजेंसी** | तेहरान

नार्वे की नोबल कमेटी ने ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को साल 2023 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्होंने ईरान में महिलाओं के दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

ईरान में मानवाधिकारों को बढ़ावा दिया और सभी के लिए स्वतंत्रता का समर्थन किया। नोबेल कमेटी ने कहा कि नरगिस को इसके लिए निजी कीमत चुकानी पड़ी। उन्हें अब तक 13 बार अरेस्ट किया जा चुका है। यही नहीं, 5 बार दोषी ठहराया जा चुका है।

नरगिस ने 31 साल जेल में बिताए हैं। यही नहीं, उन्हें 154 कोड़े भी मारे गए हैं। नरगिस को अब भी जब शांति का पुरस्कार दिया जा रहा है, वह जेल में हैं। महसा अमीनी की मौत के बाद पूरे ईरान में जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। तब भी उन्होंने महिलाओं को स्वतंत्रता देने की मांग का अभियान चलाया।



### नरगिस के आह्वान पर हुए ईरान में प्रदर्शन

ईरानी सरकार ने महसा अमीनी की मौत के बाद नरगिस के अभियान के तहत प्रदर्शन करने वालों पर जमकर अत्याचार किया। इसमें 500 से ज्यादा प्रदर्शनकारी मारे गए हैं। हजारों की तादाद में लोग घायल हो गए हैं। क्रूरता का आलम यह रहा कि कई लोगों की आंख रबर की बुलेट लगने से खराब हो गई। ईरानी पुलिस ने इन प्रदर्शनकारियों पर ये गोलियां चलाई थीं। यही नहीं, प्रदर्शन को कुचलने के लिए अब तक 20 हजार से ज्यादा लोगों को अरेस्ट किया जा चुका है। इस पूरे प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं की आजादी का समर्थन किया।

### साल 1990 से हैं सक्रिय

नरगिस पर ईरानी पुलिस ने ईरान सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करने का भी आरोप लगाया है। वह डिफेंडर ऑफ ह्यूमन राइट सेंटर की उप प्रमुख हैं। यह एक गैर सरकारी संगठन है, जिसे शिरिन एबादी ने बनाया था। शिरिन को 2003 में नोबेल शांति पुरस्कार मिल चुका है। नरगिस लगातार महिलाओं के दमन और उनके साथ होने वाले संस्थागत भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाती रही हैं। साल 1990 के दशक में नरगिस फिजिक्स की स्टूडेंट थीं और इसी दौरान उन्होंने महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया था।

## परमाणु हमले की धमकी पर दहाड़ उठे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

# 'हमले का पता चला तो नहीं बचेगा दुश्मन'

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि उनके देश ने एक परमाणु क्रूज मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है और यह चेतावनी दी है कि देश की संसद परमाणु परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि के अनुमोदन को रद्द कर सकती है। उन्होंने इस संभावना को भी खारिज करने से इनकार कर दिया कि रूस तीन दशकों से अधिक समय में पहली बार परमाणु विस्फोट वाले हथियार परीक्षण कर सकता है।

सोवियत संघ के पतन से एक साल पहले, 1990 के बाद से रूस ने परमाणु विस्फोट से जुड़ा कोई भी परीक्षण नहीं किया है। पुतिन ने पहली बार कहा कि मॉस्को ने हजारों मील की संभावित रेंज वाली परमाणु-संचालित और परमाणु-सक्षम क्रूज मिसाइल ब्यूरवेस्टनिक का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। उन्होंने विश्लेषकों और पत्रकारों की एक वार्षिक सभा में यह बात कही। यूक्रेन पर आक्रमण शुरू करने के बाद से दुनिया को बार-बार रूस की परमाणु ताकत की याद दिलाई है, ने कहा कि सही दिमाग वाला कोई भी व्यक्ति रूस के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेगा। उन्होंने कहा, अगर इस तरह के हमले का पता चला, तो "हमारी इतनी संख्या में मिसाइलें - सैकड़ों, सैकड़ों - हवा में दिखाई देंगी कि एक भी दुश्मन के बचने की संभावना नहीं होगी।"

## पाक के परमाणु बम ठिकाने के पास भयानक विस्फोट!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के दक्षिणी इलाके में स्थित डेरा गाजी खान जिले में भयानक विस्फोट की खबरें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट परमाणु ठिकाने के पास हुआ है। अभी तक इस धमाके के कारणों का पता नहीं चल पाया है। साल 2012 में तहरीक-ए-तालिबान के आतंकियों ने इस परमाणु ठिकाने को उड़ा देने की धमकी दी थी। तब से यह परमाणु ठिकाना अत्यंत सुरक्षा के घेरे में है।


## AI गर्लफ्रेंड ने सिख युवक को भिजवा दिया जेल

# क्वीन को मारने घुसा था पैलेस में

**एजेंसी** | लंदन

एक पुरानी कहावत है। नकल भी अकल लगा कर करनी चाहिए। आज तकनीक के दौर में लोग अंधाधुंध नकल करने लगे हैं और उसमें लोग अपना दिमाग भी नहीं लगाते।

इसी तरह का एक मामला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के दौर में भी सामने आया है। ब्रिटेन में एक सिख युवक AI चैटबॉट गर्लफ्रेंड की बात में आकर जेल पहुंच गया है।



दरअसल, ब्रिटेन में एक मामला सामने आया कि 21 वर्षीय सिख युवक ने अपनी AI चैटबॉट गर्लफ्रेंड के कहने पर ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को मारने के लिए हथियार लेकर रॉयल पैलेस तक चला गया था। सिख युवक जसवंत सिंह चैल का कहना है कि वह अपनी एआई गर्लफ्रेंड को बहुत प्यार करता था और उसकी हर बात मानता था।

यह मामला दो साल पुराना है लेकिन अब इस मामले में अदालत ने उसे 9 साल जेल की सजा सुनाई है। जसवंत सिंह का रॉयल पैलेस में ही सुरक्षा अधिकारियों ने हथियार समेत पकड़ लिया था।

## कई साल पहले मिला अब हुई पहचान

# निकला विशाल डायनासोर का जीवाश्म

**एजेंसी** | वॉर्सा

यूरोपीय देश स्पेन में 12 करोड़ 20 लाख साल पहले राज करने वाले विशाल डायनासोर का जीवाश्म मिला है। इसके टाइटनोसौर होने की वजह से इस नाम टाइटन रखा गया है। इस डायनासोर का आकार बहुत असामान्य था और उसकी हड्डियों से धरती के इस राजा के बारे में वैज्ञानिकों को और ज्यादा जानकारी मिल सकती है।

वैज्ञानिकों को यह मोरेल्ला शहर में संत एंटोनी डी ला वेस्पा जीवाश्म स्थल से साल 2005 से 2008 के बीच खुदाई के दौरान मिला था। अब इसकी पहचान हो पाई है। शोधकर्ताओं को पुरास्थल पर कम से कम 3 जीवाश्म मिले हैं, जिसमें विशाल रीढ़ का जोड़, पैर की हड्डी और दो लगभग पूर्ण पैर के अवशेष हैं।



### जांघ की हड्डी 6.6 फुट तक

सौरोपोड का ही एक उप समूह टाइटनोसौर होते थे, जो सबसे विशाल सौरोपोड थे। यह एकमात्र वंश था, जो 6 करोड़ 60 लाख साल पहले धरती पर ऐस्टरॉइड के गिरने तक बचा हुआ था। माना जाता है कि इस विशाल ऐस्टरॉइड के गिरने के बाद धरती से डायनासोर का खात्मा हो गया। अवशेष से शोधकर्ता अभी यह नहीं बता पाए हैं कि यह टाइटन कितना बड़ा था। एक डायनासोर का रीढ़ का जोड़ 3.3 फुट चौड़ा था। वहीं जांघ की हड्डी 6.6 फुट तक पाई गई है।

### 70 टन था इसका वजन

शोधकर्ताओं ने हड्डियों के आकार के आधार पर अनुमान लगाया है कि इन डायनासोर का औसत आकार एक बॉस्केटबॉल कोर्ट के आकार के बराबर था। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह कम से कम 70 टन का जरूर रहा होगा। साल 2021 में शोधकर्ताओं को टाइटनोसौर की एक नई प्रजाति अर्जेंटीना में मिली थी, जो इससे भी बड़ा हो सकता है। टाइटनोसौर भले ही सबसे भारी सौरोपोड थे, लेकिन वे सबसे लंबे नहीं थे। सबसे लंबे सौरोपोड 'सुपरसौरस' थे, जो 128 फुट तक के थे।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

**"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए**

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl